पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 259 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 15 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोरोना: तीसरी लहर की भयावह रफ्तार

### देश के 20 बड़े शहरों में संक्रमण दर 20% से ज्यादा, दिल्ली-मुंबई में अगले हफ्ते पीक आने का अनुमान



**नई दिल्ली**

देश में तीसरी लहर में जिस तेजी से रोजाना के केस बढ़ रहे हैं, उससे तेज रफ्तार बड़े शहरों में है। देश के 20 बड़े शहर ऐसे हैं जहां संक्रमण दर 20% से ज्यादा है। यानी, इन जगहों पर हर 100 टेस्ट में से 20 लोग पॉजिटिव मिल रहे हैं। देश में प्रति लाख आबादी पर 19 मामले मिल रहे हैं, जबकि गुरुग्राम में प्रति लाख आबादी पर 179 केस मिल रहे हैं। कोलकाता में रोज प्रति लाख आबादी पर 157 केस, बेंगलुरु अर्बन में 163 केस, दिल्ली में 139 केस, मुंबई में 132 केस मिल रहे हैं।

**दिल्ली-मुंबई में अगले हफ्ते आ सकता है तीसरी लहर का पीक:** विशेषज्ञों के मुताबिक, जिस रफ्तार से केस बढ़ रहे हैं, उस हिसाब से दिल्ली-मुंबई में अगले हफ्ते केस पीक पर हो सकते हैं। इस बीच, कोरोना की स्थिति पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले वैरिएंट की तुलना में ओमिक्रॉन अधिक संक्रामक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। स्पष्ट है कि हमें सतर्क रहना है। हमने 10 दिन में 3 करोड़ किशारों को वैक्सीन लगाई है।

**नई चिंता... सेल्फ-टेस्टिंग किट से जांच कर रहे लोग, लेकिन पॉजिटिव रिपोर्ट शेयर नहीं करते:** कोरोना महामारी के इस दौर में लोग अस्पताल न जाकर घर पर ही कोरोना की जांच किट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से स्वास्थ्य विभाग को कोरोना संक्रमितों का सटीक आंकड़ा नहीं मिल पा रहा है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को ऐसी किट की बिक्री की निगरानी के लिए कहा है। बताया जाता है कि मुंबई के मेडिकल स्टोर से 3 लाख ऐसी किट बिकी हैं, लेकिन 2 लाख लोगों ने बीएमसी के ऐप पर रिपोर्ट अपलोड नहीं की है। अब बीएमसी ने मेडिकल स्टोर्स को टेस्ट किट बिक्री का रिकॉर्ड रखने को कहा है। ऐसी ही स्थिति अन्य शहरों में भी बनने लगी है।

### देश में एक्टिव केस 13 लाख के पार

**नई दिल्ली**

देश में शुक्रवार को कुल एक्टिव केस 13 लाख का आंकड़ा पार कर गए हैं। शाम 6.30 बजे तक बीते 24 घंटे के दौरान 90,542 नए केस मिले हैं। इस दौरान 36,889 लोग डिस्चार्ज हो गए, जबकि 63 लोगों की मौत हो गई। अब देश में 13 लाख 19 हजार 789 कुल एक्टिव केस हो चुके हैं। देश में अब तक कुल 3.66 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 3.48 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। अब तक 4 लाख 85 हजार 413 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली में पिछले 24 घंटे के दौरान शुक्रवार को 24,383 नए केस सामने आए, जो पिछले दो दिन के मुकाबले कम हैं। इस दौरान 34 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 26,236 लोग डिस्चार्ज हो गए हैं। नए केस की संख्या गुरुवार को मिले 28,867 और बुधवार को मिले 27,561 नए मरीजों के मुकाबले भले ही कम है, लेकिन पॉजिटिविटी रेट का बढ़ना अब भी चिंता का सबब बना हुआ है। राज्य का पॉजिटिविटी रेट गुरुवार को 26% से 29% हुआ था।

## अखिलेश के साथ भाजपा के 'सितारे'

### स्वामी प्रसाद और सैनी समेत 8 विधायक सपा में, सपा दफ्तर में जुटी भीड़ पर एफआईआर




**लखनऊ**

भाजपा छोड़ने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी सहित 8 विधायकों ने शुक्रवार को सपा का दामन थाम लिया। अखिलेश यादव ने मंच पर पहुंचकर सबको पार्टी की सदस्यता दिलाई। अखिलेश ने कहा कि मैं स्वामी प्रसाद मौर्य को धन्यवाद दूंगा। वह जिस तरफ चल देते हैं, सरकार उनकी ही बन जाती है। इस बार कितने भी दिल्ली वाले आ जाएं, बाबा पास नहीं होने वाले हैं। इस बार हैंडल भी ठीक है और पहिए भी। पैडल चलाने वाले आ गए हैं। अब सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। हालांकि रैली के थोड़ी देर बाद ही कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है।

**सपा जॉइन करते ही भाजपा पर बरसे मौर्य**

**भाजपा को नेस्तनाबूत कर दूंगा:** सपा जॉइन करते ही मौर्य भाजपा पर बरस पड़े। कहा- अब बीजेपी की सरकार का खात्मा करके यूपी को भाजपा के शोषण से मुक्त कराना है। मैं अखिलेश के साथ भाजपा को नेस्तनाबूद कर दूंगा। अखिलेश नौजवान हैं। पढ़े-लिखे हैं। नई ऊर्जा है।

**बहनजी को घमंड हो गया था:** मौर्य बोले, 'एक और बात कहूंगा कि जिसका साथ छोड़ता हूं, उसका अता-पता नहीं रहता। इसका उदाहरण हैं बहनजी। उनको घमंड हो गया था। बाबा भीमराव को भूल गईं। काशीराम को भूल गईं। परिवर्तन आंदोलन के नारे को बदल दिया। थैली वालों के पीछे खड़ी हो गईं। मैंने साथ छोड़ा तो क्या हश्र हुआ उनका।'

**सत्ता में 5 फीसदी लोग मलाई खा रहे हैं:** मौर्य ने कहा कि भाजपा के बड़े-बड़े नेता जो कुंभकरण की तरह सो रहे थे, जिनको कभी विधायक और मंत्रियों से बात करने का वक्त नहीं मिलता था। हम लोगों के इस्तीफा देने के बाद उनकी नींद हराम हो गई है। आज सत्ता में 5 फीसदी लोग मलाई खा रहे हैं। अब 80 और 20 की लड़ाई नहीं, बल्कि 15 और 85 की लड़ाई होगी। 85 तो हमारा है और 15 में भी बंटवारा है। योगी से सवाल किया कि क्या 54 फीसदी वाले हिन्दू नहीं हैं क्या, तो इस पर उन्होंने साफ इशारा किया कि योगी सरकार में दलित और पिछड़ों का हक सामान्य वर्ग को दे दिया गया।

**सीएम की कुर्सी पर बैठकर पाप कर रहे योगी:** उन्होंने कहा कि योगी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर पाप कर रहे हैं और दुहाई हिंदू की देते हैं। क्या आपकी नजर में दलित, पिछड़ा वर्ग हिंदू नहीं है क्या। अगर आपकी नजर में सिर्फ 5 फीसदी लोग हिंदू हैं तो आपकी खटिया खड़ी होनी तय है। समाजवादी पार्टी जॉइन करने वाले योगी के एक अन्य मंत्री धर्म सिंह सैनी ने कहा कि अखिलेश भावी नहीं, अब उट हैं। उन्होंने कहा कि कोविड और आचार संहिता न होती तो 10 लाख की रैली कर आपको सम्मानित किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दलितो और पिछड़ा वर्ग ने आपको उट बनाने के लिए संकल्प लिया है। इखढ पर तंज करते हुए कहा कि जहां से आ रहे हैं, उनसे कई गुना ज्यादा सम्मान मिल रहा है।

## सीएम योगी ने दलित के घर खाया खाना

### जिनके जींस में हो भ्रष्टाचार, वह नहीं लड़ सकता न्याय की लड़ाई: योगी



**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वंशवाद, और परिवारवाद की राजनीति करने वाले सामाजिक न्याय के समर्थक नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार जिनके जीन्स का हिस्सा हो, वे सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते। सामाजिक समरसता और न्याय की लड़ाई भाजपा ने लड़ी है। सामाजिक न्याय यह है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर गरीब को मिले, हर तबके के लोगों को मिले, उनके साथ सामाजिक-आर्थिक भेदभाव न हो। और, यही भाजपा का मूल मंत्र है। सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर के झुंगिया गेट के समीप दलित के घर सहभोज के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दलित बस्ती में सुशासन और विकास का संदेश देने और अस्पृश्यता की भावना को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए आए हैं। समतामूलक समाज की स्थापना, भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त व्यवस्था यानी सुशासन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले पांच साल में पीएम मोदी के मार्ग में लागू कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर गांव, हर गरीब, हर किसान, मजदूर, महिला, नौजवान तक बिना भेदभाव पहुंचाया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश में 45 लाख गरीबों को आवास मिले, 2.61 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय बने। किसी भी दलित बस्ती चले जाइए, यह सब दिखेगा। कोरोना महामारी के दौरान लोगों को मुफ्त डबल राशन दिया जा रहा है, यह डबल इंजन सरकार की तरफ से राहत का डबल डोज है। यह सब सामाजिक न्याय का ही हिस्सा है। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार को देखे तो मात्र 18 हजार आवास उन्होंने पांच साल में दिया था। गरीबों के मकान पर कब्जा, जमीनों पर कब्जा होता था। अगर यही सामाजिक समरसता है, तो उसका मैं विरोध करता हूं।

### न्यू इंडिया के निर्माण में उत्तराखंड की अहम भूमिका निभाएगा : मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि न्यू इंडिया के निर्माण में उत्तराखंड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा, यह संदेश हर किसी को भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला है।

## आठ यात्रियों तक के वाहनों के लिए छह एयरबैग अनिवार्य

**नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में बिकने वाले वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अकसर चिंताएं जाहिर की जाती रही हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने आठ लोगों को ले जाने वाले मोटर वाहनों के लिए न्यूनतम छह एयरबैग अनिवार्य करने के लिए जीएसआर अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दे दी है। गडकरी ने कहा, "यह आखिरकार सभी सेगमेंट में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, भले ही वाहन की कीमत/वैरिएंट कुछ भी हो।" मंत्रालय ने पहले ही 1 जुलाई 2019 से ड्राइवर एयरबैग और इस साल 1 जनवरी से फ्रंट को-पैसेंजर एयरबैग के फिटमेंट को लागू करना अनिवार्य कर दिया है। एम1 वाहन श्रेणी में, यह फैसला लिया गया है कि आगे और पीछे दोनों कंपार्टमेंट में बैठे लोगों के सामने और पीछे से होने वाले टक्करों के असर को कम करने के लिए चार अतिरिक्त एयरबैग अनिवार्य हैं। इसमें दो साइड/साइड टोरसो एयरबैग और दो साइड कर्टेन/ट्यूब एयरबैग शामिल होंगे जो कार के सभी यात्रियों को कवर करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत मे मोटर वाहनों को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## फिलीपींस खरीदेगा भारत से ब्रह्मोस मिसाइल

**नई दिल्ली**

भारत के लिए रक्षा निर्यात के लिहाज से ऐतिहासिक है कि फिलीपींस ने औपचारिक रूप से ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का अनुबंध स्वीकार कर लिया है। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा है। भारत के साथ इसी साल मार्च में प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर होने के बाद फिलीपींस ने पिछले माह इस सौदे को पूरा करने के लिए 414 करोड़ रुपये का अलग से बजट जारी किया था। फिलीपींस के साथ यह सौदा भारत की रक्षा क्षमता निर्माण कौशल को एक बड़े बढ़ावा के रूप में देखा जा सकता है। फिलीपींस ने भारतीय ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के 374.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रस्ताव को अपनी नौसेना के लिए शोर-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम अधिग्रहण परियोजना की आपूर्ति के लिए स्वीकार कर लिया है। फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग ने शुक्रवार को कहा कि इस अनुबंध की सूचना ब्रह्मोस के अधिकारियों को भेज दी गई है।

## आतंकियों के मंसूबे नाकाम

### दिल्ली, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बम मिलने से हड़कंप, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली**

दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी में शुक्रवार सुबह एक लावारिस बैग मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधी दस्ता और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। जांच करने पर पुलिस को बैग से आईईडी विस्फोटक मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएसजी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बताया कि गाजीपुर फ्लावर मार्केट के गेट के बाहर विस्फोटक लगाने से पहले रेकी की गई थी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देख रही है।




**एनएसजी ने निष्क्रिय किया विस्फोटक:** एनएसजी ने आईईडी की मात्रा को देखते हुए इसे निष्क्रिय करने के लिए एक गहरा गड्ढा खोदने की योजना बनाई। इसके बाद जेसीबी को मौके पर बुलाया गया और गहरा गड्ढा खुदवाकर बम निष्क्रिय किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जानकारी दी है कि, स्पेशल सेल मामले की जांच कर रही है और एक्सप्लोसिल एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर लिया गया है। एनएसजी ने बम निष्क्रिय करने के बाद जानकारी दी है कि टीम ने गाजीपुर फूल मंडी से बरामद आईईडी को टीम ने निष्क्रिय कर दिया है। आईईडी के सैंपल जुटा लिए गए हैं और टीम इसे बनाने में इस्तेमाल किए गए केमिकल कंपोनेंट की जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। एनएसजी के अधिकारियों ने बताया कि बरामद आईईडी का वजन लगभग तीन किलो था।

### अमृतसर से मिला पांच किलो आरडीएक्स

**अमृतसर**

पंजाब के गुरदासपुर में आरडीएक्स मिलने के बाद अब अमृतसर के सीमांत गांव धनोए कलां में पांच किलो आरडीएक्स मिला है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह बरामद हुआ यह विस्फोटक पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान पंजाब को दहलाने के लिए इस्तेमाल किया जाना था। यह आरडीएक्स गांव की मुख्य सड़क के पास ही खेत में छुपा कर रखा गया था। एसटीएफ के एआईजी रशपाल सिंह ने बताया कि हमें वाघा-अटारी सीमा के पास के एक गांव में ड्रग्स के बारे में जानकारी मिली थी, लेकिन जब हम वहां पहुंचे तो पाया कि यह करीब 5 किलो वजन का आईईडी है। हमने 1 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। यह पाकिस्तान से आया है।

## बच्चों में तेजी से फैल रहा है कोरोना संक्रमण

### 1.39 लाख आईसीयू बेड में से महज पांच फीसदी ही शिशुओं के लिए रिजर्व



**नई दिल्ली/लखनऊ**

**देश** में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर दिन कोरोना का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। इस बार कोरोना को लेकर खतरा इसलिए भी ज्यादा दिखाई पड़ रहा है क्योंकि इस बार बच्चे भी कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि पिछली लहरों के उलट इस बार बड़ी तादाद में बच्चों में संक्रमण देखने को मिल रहा है। ज्यादातर मामलों में संक्रमण बहुत हल्का है लेकिन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बीमारी के गहरे लक्षण दिख रहे हैं। जो शिशुओं में सांस संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। हालांकि मौजूदा समय में चिकित्सकों के सामने दो चिंताएं हैं। पहली बच्चों में मल्टी सिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम (एमआईएससी) के बढ़ते मामले। यह समस्या कोविड संक्रमण होने के चार से छह सप्ताह के बाद नजर आ सकती है। दूसरी, चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल बच्चों के लिए आईसीयू और गहन चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर कोई दबाव नहीं है, लेकिन मामलों में बढ़ोतरी होने पर व्यवस्था चरमरा सकती है। खासतौर पर बच्चों की देखभाल के लिए उच्च प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों की कमी में ऐसा हो सकता है।

**सितंबर से ही बच्चों के बिस्तरों की हो रही तैयारी:** कुछ महीने पहले केंद्र सरकार ने राज्यों को सलाह दी थी कि शिशु चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने हाल ही में कहा था कि केंद्र सरकार द्वारा अगस्त में घोषित 23,123 करोड़ रुपये के आपात कोविड प्रतिक्रिया पैकेज-2 का करीब आधा हिस्सा पहले ही राज्यों को जारी किया जा चुका है। इस फंड की मदद से बच्चों के लिए करीब 9,574 आईसीयू बेड तैयार किए जाएंगे। वहीं देश के बड़े प्राइवेट अस्पतालों में सितंबर से ही बच्चों के बेड की संख्या सुधारने का सिलसिला जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देशभर में कोविड के इलाज के लिए 139,300 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। इनमें से करीब पांच फीसदी यानी करीब 24,057 बिस्तर बच्चों के लिए हैं। देश के अस्पतालों में मौजूद कुल 18 लाख बेड में करीब चार फीसदी बच्चों के लिए हैं।

## भारत ने साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज 2-1 से गंवाया



**केपटाउन**

केपटाउन में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला गया। इस मैच में जीत के लिए भारत ने साउथ अफ्रीका को 212 रन का लक्ष्य दिया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को साउथ अफ्रीका ने चौथे दिन ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 7 विकेट से मैच जीत दिला। प्रोटियाज ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 212 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। इस मैच में हार के साथ ही भारत ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-2 से गंवा दिया साथ ही साथ टीम इंडिया 29 साल का इतिहास बदलने में कामयाब नहीं रही। एक बार फिर से भारत ने साउथ अफ्रीकी धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का मौका गंवा दिया। साउथ अफ्रीका एकमात्र जगह है जहां भारत ने अब तक एक बार भी कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीता है। इस बार टीम इंडिया के पास शानदार मौका था क्योंकि मेजबान टीम कमजोर नजर आ रही थी, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की वो कमाल का रहा। कीगन पीटरसन को मैन आफ द मैच और प्लेयर आफ द सीरीज चुना गया। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 223 रन बनाए थे जिसके जवाब में मेजबान टीम पहली पारी में 210 रन पर आल आउट हो गई। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में रिषभ पंत की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 198 रन बनाए और पहली पारी की 13 रन की बढ़त के साथ टीम इंडिया की कुल बढ़त 211 रन की रही।

### खबर संक्षेप

## आधा दर्जन जुआरी किये गये गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सभी लोग सार्वजनिक स्थल पर फड़ जमाए बैठे थे। सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवराजपुर में छापा मारा गया और मौके से जुआ खेल रहे शारदाप्रसाद पुत्र रामप्रसाद यादव (बेनीपुर, शिवराजपुर), संजय गुप्ता पुत्र चंद्रपाल गुप्ता (बेनीपुर, शिवराजपुर), शिवेंद्र सिंह पुत्र अवधेश सिंह (वार्ड संख्या एक, शिक्षकनगर, शंकरगढ़), समर बहादुर सिंह पुत्र रामसेवक सिंह (गाढ़ा कटरा), धर्मेंद्र त्रिपाठी पुत्र प्रेमनारायण त्रिपाठी शिवराजपुर और नरेंद्र कुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद (शिवराजपुर, शंकरगढ़) को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 10 हजार रुपये और ताश के पत्ते भी बरामद हुए हैं।

# माघमेला : सिलिंडर लीकेज से लगी आग, मची अफरा-तफरी

### दो पंडाल जलकर खाक, बड़ा हादसा होने से बचा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले में गैस सिलिंडर लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। इससे दो पंडाल जलकर राख हो गए। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में जान माल की कोई क्षति नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि समय से आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।प्रयागराज माघ मेला के प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति के दिन अरैल घाट स्थित जय श्री महाकाल सेवा आरती के पंडाल में सिलिंडर में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते सिलिंडर से आग की लपटें उठने लगीं।लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली और आग ने पंडाल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे पंडाल में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। आग से दो पंडाल जलकर राख हो गए। सूचना पाते ही पुलिस फोर्स सहित दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## संगम स्नान के बाद महिला बेहोश, त्रिवेणी अस्पताल में कराया गया भर्ती



बेहोश महिला को एंबुलेश से अस्पताल ले जाते

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर संगम स्नान करने आई कुशीनगर की एक महिला डुबकी लगाने के बाद अचेत हो गई। इससे घाट पर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। आनन फानन उसे मेला क्षेत्र में स्थित त्रिवेणी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। अब उनकी हालत सही है।मधु सिंह अपने बेटे, बेटी और परिवार केअन्य सदस्यों के साथ प्रयागराज माघमेले में गंगा स्नान के लिए पहुंचीं थीं। शुक्रवार की सुबह संगम में डुबकी लगाने के बाद जब वह बाहर निकलीं तो उनका शरीर थरथराने लगा।जब तक लोग कुछ समझ पाते वह बेहोश हो गईं। इसकी सूचना तत्काल मौके पर तैनात पुलिस को दी गई। उन्हें एंबुलेंस से मेला क्षेत्र में स्थापित किए गए अस्थायी त्रिवेणी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों का कहना था कि उन्हें ठंड लग गई है। हालांकि अब उनकी तबीयत सही है।

## न्यूज झरोखा

### गौहनियां से लेकर जसरा बाजार तक अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च



**जसरा।** विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए थानाध्यक्ष घूरपुर धीरेंद्र सिंह की अगुवाई में गौहनिया से लेकर जसरा बाजार तक अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। एस ओ घूरपुर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। जिससे मतदाता भयमुक्त होकर घर से निकल कर मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान कर सकें। श्री सिंह ने बताया कि अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है।

### घूरपुर में पुलिस व सीआरपी फोर्स ने किया रूट मार्च



**घूरपुर।** विधान सभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार के दिन घूरपुर क्षेत्र के कस्बों व संवेदनशील इलाकों में घूरपुर पुलिस ने भारी सीआर पी एफ फोर्स के साथ रूट मार्च किया । इस बीच पुलिस ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की। घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज, घूरपुर, करमा, गौहनिया, भीटा, कंजासा, बीकर, देवरिया, सारंगापुर, कांटी, बसवार, अमिलिया , दांदूपुर आदि कस्बों व गांवो में जिले के पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एसओ घूरपुर धीरेंद्र सिंह ने कई दर्जन सी आर पी एफ फोर्स के साथ विधान सभा चुनाव के मद्देनजर रूट मार्च निकाला। इस बीच एसओ ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की।

### शोध प्रमुख ने गरीब बच्चों संग मनाया जन्म दिन



**धनूपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के शोध प्रमुख सुमित तिवारी ने अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गरीब बच्चों को स्वेटर बांटकर बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर सुमित तिवारी ने कहा कि अपने जन्म दिवस के अवसर पर छोटे बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने पर एक अलग ही आनंद का पल होता है कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर फेसबुक व्हाट्सएप मैसेज एवं फोन के द्वारा सभी अग्रजो साथियों शुभचिंतकों की तरफ से बधाई संदेश एवं आशीर्वाद प्राप्त कर अभिभूत हूं। आप सभी के सहयोग व साहस से ही जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य को प्राप्त करने क्यों ऊर्जा प्राप्त होती है।

### भाजपा के पदाधिकारियों ने किया घर-घर जनसंपर्क अभियान



**प्रयागराज।** गुरुवार को पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने सैदपुर,कट्हुला गांव में महानगर व मंडल के पदाधिकारियों के साथ घर -घर जाकर जनसंपर्क किया गया ' तथा साथ ही लोगों को पत्रक भी बांटे गए इस दौरान उपस्थित रहे पदाधिकारी में अजय आनंद जिला महामंत्री, सोनू सोनकर जिला मंत्री, हनी सोनकर जिला कोषाध्यक्ष, धीरज, रजत कैथवास, अनिल चंद्रा, यमुना पट्टी मंडल अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों को मॉ सेवा संस्थान ने दिए कंबल



**करछना।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवो में अभियान के तहत गरीबों को जिसमें बुजुर्ग, विधवा, असहाय, तपके के लोगों को कयी दिनों से, विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत रोकडी की सामाजिक संस्था मा सेवा संस्थान की ओर से गरीबों को कम्मल बांटने का अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में मकर-संक्रांति के अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित के निर्देश पर बोधा का पूरा बरांव में स्नान, दान, एवं धर्म पारायणता के पावन पर्व मकर संक्रांति पर माँ सेवा संस्थान के महामंत्री आकाश भाई पटेल अजय पटेल (आलोक टेलिकॉम) व सुभाष आदिवासी के माध्यम से दर्जनों से अधिक वृद्ध माताओं एवं पितातुल्य बुजुर्गों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया।

## विद्युत शार्ट सर्किट की चपेट में आने से नवजात की गई जान

अखंड भारत संदेश

### नवजात के बचाव में दो लोग झुलसे, परिजनों में मचा कोहराम



**मेजा रोड।** घर मे सो रही नवजात की विद्युत शार्ट सर्किट के कारण जान चली गई, जबकि दो लोग बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें ग्रामीणों ने अस्पताल में दाखिल कराया। घटना को लेकर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया निवासी संजय कुमार की पत्नी काजल ने बीते 21 दिसम्बर को मेजा रोड़ स्थित एक अस्पताल में बेटी बेबी को जन्म दिया। तकरीबन आठ दिनों बाद वह घर आई। इस दौरान बुधवार को काजल अपनी नवजात को घर मे सुलाकर बाहर कामकाज में जुटी थी। इसी बीच घर से निकल रहे धुएं को देख अंदर गई। घर के अंदर का नजारा देख चीखने चिल्लाने लगी। वहीं शोरगुल सुनकर नवजात के दादा पन्नालाल व भाई सचिन घर के अंदर पहुचें। दोनों ने नवजात को निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह भी विद्युत करंट की जद में आकर बेहोश हो गए। उधर ग्रामीणों ने दोंनो को मांडा सीएचसी में इलाज हेतु दाखिल कराया। तकरीबन दो घण्टे बाद दोंनो होश में आये। वहीं नवजात की मौत को लेकर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## शहर उत्तरी से अनुग्रह सहित चार सीटों पर कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी, रामपुर खास से मोना होंगी उम्मीदवार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 125 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें प्रयागराज में चार सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। कांग्रेस की ओर से जारी सूची के अनुसार इलाहाबाद शहर उत्तरी विधानसभा सीट से अनुग्रह नारायण सिंह, फाफामऊ से दुर्गेश पांडेय, इलाहाबाद शहर दक्षिणी से अल्पना निषाद, बारा से अंजू संत के नाम है। चार सीटों में तीन पर महिलाओं को टिकट दिया गया है।इसी तरह प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा से निवर्तमान विधायक आराधना मिश्रा मोना, प्रतापगढ़ सदर से नीरज त्रिपाठी, बाबागंज से बीना रानी और मंझनपुर कौशाम्बी से अरुण कुमार विद्यार्थी को उम्मीदवार बनाया गया है। इलाहाबाद उत्तरी से अनुग्रह नारायण के नाम की घोषणा काफी पहले हो चुकी है।अनुग्रह नारायण इस सीट से दो बार कांग्रेस को जीत दिला चुके हैं। इसी तरह प्रतापगढ़ में रामपुर खास विधानसभा से मोना मिश्रा भी वर्तमान में कांग्रेस की विधायक हैं। वह इस सीट से लगातार नौ बार विधायक रह चुके पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की पुत्री हैं।

### यमुनापार विधानसभा : बारा को मिले दो प्रत्याशी कांग्रेस के बाद बसपा ने भी घोषित किया नाम

**बारा विधान सभा से बसपा प्रत्याशी डॉ शिव प्रकाश व बारा से कांग्रेस प्रत्याशी होंगी मंजू संत**





**शंकरगढ़।** कांग्रेस के बाद बहुजन समाज पार्टी ने भी विधानसभा बारा से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस ने विधानसभा बारा (सुरक्षित) से जहां मंजू संत को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं बसपा 264 विस बारा से डा. शिव प्रकाश को उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल भंवरा की तरफ से जारी की गई सूची में बारा विधानसभा के अलावा प्रयागराज की एक अन्य सीट प्रतापपुर के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा की गई है। बसपा ने प्रतापपुर (गंगापार) विधानसभा से इंजीनियर घनश्याम पांडेय को मैदान में उतारा है। बसपा द्वारा दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाने के बाद से अब अन्य सीटों पर लोगों की नजर टिक गई है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी प्रयागराज जनपद से फाफामऊ, इलाहाबाद नार्थ, इलाहाबाद साउथ और विधानसभा बारा से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने प्रयागराज की विधानसभा फाफामऊ से दुर्गेश पांडेय, इलाहाबाद उत्तरी से दिग्गज कांग्रेसी अनुग्रह नारायण सिंह, इलाहाबाद दक्षिणी से अल्पना निषाद और यमुनापार की सुरक्षित सीट बारा से मंजू संत को मैदान में उतारा है।

### घनश्याम पांडेय ही प्रतापपुर से रहेंगे बसपा प्रत्याशी : जिलाध्यक्ष बसपा



**प्रतापपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष बाबू लाल भंवरा ने विगत कई दिनों से चल रहे उहापोह को समाप्त करते हुए पत्र जारी किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय ही 257 प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी रहेगें।क्षेत्र में पहले अहमद अंसारी को प्रतापपुर से बसपा प्रभारी घोषित किया गया था लेकिन तमाम सर्वे एवं पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय को मियांपुर एवं प्रयागराज की बसपा मीटिंग में प्रत्याशी घोषित किया गया था वही निर्णय आज भी कायम है।

## खाद्य तेल और चना नहीं बांटने की शिकायत सप्लाई इंस्पेक्टर ने की दुकान की जांच

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** कोटेदार द्वारा निशुल्क खाद्य तेल, चना और नमक का वितरण नहीं किए जाने की शिकायत पर शुक्रवार को सप्लाई इंस्पेक्टर ने दुकान की जांच की। आपूर्ति निरीक्षक ने दुकान को आवंटित खाद्यान्न का रजिस्टर से मिलान करवाया। बांटे गए खाद्यान्न की भी जांच पड़ताल की। यह मामला नगर पंचायत शंकरगढ़ की एक दुकान का है।

सप्लाई इंस्पेक्टर बारा नंद कुमार यादव ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ की एक दुकान से राशन व अन्य सामग्री के वितरण में धांधली की शिकायत की गई थी। इस शिकायत की आज स्थलीय जांच की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि संबंधित कोटेदार के द्वारा चना व खाद्य तेल का वितरण नहीं किया जा रहा है।इस पर जांच को पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर ने उठान और वितरण की पूरी जांच की। रजिस्टरों को खंगालने के उपरांत अवशेष खाद्यान्न की भी जांच की। आपूर्ति निरीक्षक नंदलाल यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र के 20 विक्रेता ऐसे हैं, जिनको खाद्यान्न, तेल, चना आदि की सप्लाई नहीं हो पाई थी। यह समस्या खाद्य तेल की सप्लाई नहीं होने वजह से हुई थी। अब खाद्य तेल की सप्लाई गोदाम पर हो गई है। कोटेदारों द्वारा उठान किया जा रहा है। सभी सामानों की सप्लाई हो जाने के उपरांत खाद्य वस्तुओं का वितरण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि गेहूं, चावल के साथ ही निशुल्क चना, नमक और खाद्य तेल के वितरण की तिथि संबंधित कोटेदार द्वारा क्षेत्र में बताई जाएगी। उसी के अनुसार कार्डधारक अपना सामान दुकान से प्राप्त करें। कहा कि यदि इसमें कोई भी कार्डधारक धांधली करता है तो उसके खिलाफ सीधे केस दर्ज कराकर कोटा निरस्त किया जाएगा।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा बलात्कार का अभियुक्त

**शंकरगढ़।** पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहे एक अभियुक्त को शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर बलात्कार और डराने-धमकाने का आरोप है। पुलिस ने पूछताछ के बाद अभियुक्त का चालान भेज दिया है।

थानाध्यक्ष शंकरगढ़ बृजेश सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी छेदीलाल पुत्र प्रह्लादी क्षेत्र के ही गढ़वा किला का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी शिवराजपुर चौराहे के पास से एसआई ऋतुराज सिंह व कांस्टेबल अर्जुन यादव व सिद्धार्थ कुमार मौर्य ने की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के उपरांत छेदीलाल का चालान भेज दिया गया है। बलात्कार के आरोपी छेदीलाल के खिलाफ उसके गांव की ही एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि छेदीलाल ने बहला-फुसलाकर उसके शरीर के साथ खिलवाड़ किया और शिकायत पर धमकी भी दी।

## माघ मेले में बढ़ा संक्रमण का खतरा, कुल एक्टिव मरीज हुए 69

**प्रयागराज।** कोरोना की तीसरी लहर के बीच शुरू हो रहे माघ मेले में पहला स्नान 14 व 15 जनवरी को मकर संक्राति पर होगा। मेले में स्नान के लिए आने वाले स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बृहस्पतिवार से ही शुरू हो गया। माघ मेले में कोरोना से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे है। उसके बाद भी बृहस्पतिवार को 18 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले। जिसकेबाद माघ मेला में संक्रमित मिले मरीजों का कुल आंकड़ा 69 तक पहुंच गया। इसमें 51 मरीज पहले संक्रमित मिले है।माघ मेला में संक्रमण रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। उसके बाद भी संक्रमित मरीजों केमिलने का सिलसिला जारी है। इसमें कई लोग मेला ड्यूटी के लिए पहुंच थे। बुधवार को सबसे अधिक 38 संक्रमित मरीज मिले। जिसकेबाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। कम लक्षण वालों कई मरीजों को होम आईसोलेशन पर भेज दिया गया। कोरोना नोडल अधिकारी डॉ. ऋषि सहाय ने बताया कि संक्रमित मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम मेला में उठाए जा रहे है। जिससे किसी भी प्रकार से संक्रमण का विस्तार तेजी से ना हो सके।19 2 पहुंचा कुल एक्टिव मरीजों का आंकड़ा कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उसके बाद भी आम लोगों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। जिसका परिणाम शहर में लगातार बढ़ रहे संक्रमित मरीजों की संख्या के रूप में है।कोरोना की तीसरी लहर में बृहस्पतिवार को रिकार्ड 416 नए संक्रमित मिले। इसके साथ ही जिले में कुल संक्रमित मिले मरीजों की संख्या 1952 पहुंच गई। राहत की बात यह है कि कोरोना संक्रमित मिल रहे मरीजों में अधिक लक्षण वाले मरीजों की संख्या बेहद कम है। जिसके कारण अस्पताल में भर्ती कराने को लेकर स्थिति लगभग सामान्य बनी है।कोरोना संक्रमण तीसरी लहर तेजी से फैल रही है, लेकिन दूसरी लहर की तरह भयानक स्थिति अभी तक नहीं बनी है। बृहस्पतिवार को कोरोना संक्रमितों की जांच के लिए कुल 9330 लोगों का सैंपल लिया गया। वहीं कोरोना को कुल 10 लोगों ने मात दी। इसमें 8 लोगों ने होम आइसोलेशन खत्म किया और 2 लोग अस्पताल से डिस्चार्ज हुए। कोरोना संक्रमित के मरीज शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से मिले। मेला क्षेत्र में भी कोरोना जांच का सिलसिला जारी है।

## बाइक चोरों से कुंडा कोतवाली पुलिस के क्या है रिश्ते!

**बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से बाइक चोरी होने के बाद मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित को थाने से लौटाया, दो दिन कोतवाली का चक्कर लगाने के बाद कुंडा कोतवाली में नहीं मिले कोतवाल**

**कुंडा।** जिले के कुंडा कोतवाली के बीओबी बैंक से 11 जनवरी की दोपहर लगभग तीन बजे एक बैंक ग्राहक की बाइक चोरी हो गई है जानकारी के मुताबिक कुंडा तहसील के अधिवक्ता श्याम कृष्ण पांडेय की बाइक लेकर सुशील कुमार मिश्रा पत्रकार 11 जनवरी की दोपहर बैंक गए थे बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर दूसरी मंजिल पर स्थित बैंक के अंदर संबंधित कार्य के लिए गये थे बैंक का कार्य खत्म कर बैंक से बाहर आने पर बाइक गायब मिली बाइक चोर गैंग के सदस्यों ने उनकी बाइक को पार कर दिया था बाइक चोरी की घटना इझ्झ बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद है लेकिन कुंडा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाल कर चोर का पता लगाने का प्रयास नहीं किया है ' मामले की तहरीर लेकर सुशील कुमार मिश्रा कुंडा कोतवाली पहुंचे जहां कोतवाल मौजूद नहीं थे मौके पर मौजूद एसएसआई राज्याभिषेक मिश्रा ने मुकदमा दर्ज करने से इनकार करते हुए ऑनलाइन मुकदमा दर्ज करने की सलाह पीड़ित को दी है कोतवाली पुलिस के इस कारनामे से बाइक चोर गैंग के सरगना के हौसले बुलंद हैं ' और चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं कुंडा कोतवाली में तैनात एसएसआई राज्याभिषेक मिश्रा के कारनामे को संज्ञान लेते हुए जहां बाइक चोर गैंग का खुलासा करना होगा वही पीड़ितों का मुकदमा ना दर्ज कर उन्हें कोतवाली से वापस कर देने वाले एसएसआई को कठोर दंड देना होगा।

## बैट्री, केबल और तमंचा के साथ दो चोर गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चोरी की बैट्री, केबल, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि थाने की टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त चोरों की गिरफ्तारी पटहट रोड क्रासिंग के पास की है। इनके पास से चोरी की बैट्री व अन्य सामान के साथ तमंचा भी बरामद हुआ है। धरे गए अभियुक्त गोपी पुत्र बब्बू बंसल (निवासी शिक्षक नगर, शंकरगढ़) और अंकित बंसल पुत्र बुद्धिलाल (निवासी उपरोक्त) के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। यह गिरफ्तारी एसआई ऋतुराज सिंह व उनकी टीम ने की है।

## सामाजिक समरसता खिचड़ी सहभोग कार्यक्रम संपन्न



अखंड भारत संदेस

**करछना।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर करछना विधानसभा के हरदुआ प्राइमरी स्कूल दलित बस्ती में सामाजिक समरसता खिचड़ी सहभोग का कार्यक्रम आयोजन हुआ जिसमें समाज सभी वर्ग के लोगों ने साथ में बैठकर का खिचड़ी का सहयोग किया और सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई समाज में सामाजिक समरसता लाने का संदेश दिया गया भारतीय जनता पार्टी की तरफ से साथ में सम्मिलित रहे इंजीनियर जगदीश सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा यमुनापार संभावित प्रत्याशी विधानसभा 260 करछना मंडल अध्यक्ष करछना पंकज द्विवेदी , जिला उपाध्यक्ष यमुनापार से सोमनाथ द्विवेदी मंडल महामंत्री श्याम धर द्विवेदी जिला मंत्री श्री विनोद प्रजापति , पूर्व मंडल अध्यक्ष राम भवन द्विवेदी, विधानसभा प्रभारी अवधेश कुमार उमर भाई विधानसभा विस्तारक , कृष्ण कुमार मौर्य , एवं बडी ख्या में कार्यकर्ता एवं दलित बस्ती के स्त्री पुरुष साथ मिलकर भोज में शामिल हुए ।



### यमुनापार के कई इलाके में खिचड़ी सहभोज का किया गया आयोजन

**घूरपुर।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल के नेतृत्व में यमुनापार के कई इलाके में सामाजिक संपर्क अभियान के शुभारंभ के अवसर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया।जिसमे कई गरीब बस्तियों में जाकर खिचड़ी सहभोज का आयोजन व लाई गुड़ आदि बांटा गया और गरीब बस्तियों में मकर संक्रांति पर्व पर खुशियां मनाई गई। जिला मीडिया प्रभारी आर के शर्मा ने बताया कि यमुनापार के बारा, करछना, कोराव, मेजा विधान सभा के कई गांवो में खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। ज़िला प्रभारी पुरूषोतम मौर्या, कार्यक्रम संयोजक धर्म राज पाल, शिव शंकर गुप्ता, सुरेंद्र बहादुर सिंह, राम राज मौर्य, धर्म दास मौर्य, संदीप निषाद, शिवम सिंह, रवि सिंह, अंकित वर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, अनुराग सिंह आदि लोगों रहे।

# कड़ाके की ठंड में, संगम में लगी पूर्ण की प्रथम डुबकी

## कोविड संक्रमण पर आस्था पड़ी भारी, सिर पर गठरी लेकर भक्ति की डगर पर निकले श्रद्धालु



संगम घाट पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़



नान के पश्चात दीप जलाती श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर शुक्रवार को आस्था पथ पर भक्ति के ज्वार में कोविड प्रोटोकाल ध्वस्त हो गया। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने से पहले ही गंगा, यमुना और विलुप्त सरस्वती के संगम किनारे शुक्रवार को मकर संक्रांति के प्रथम स्नान पर्व पर डुबकी लगाने के लिए लोग उमड़ पड़े। त्रिवेणी में प्रथम डुबकी के साथ ही संतों-भक्तों के मास पर्यंत समागम का माघ मेला आरंभ हो गया।दोपहर तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। ठिठुरती भोर में कोरोना संक्रमण के खौफ को पीछे छोड़कर संगम में स्नान का सिलसिला भोर में ही आरंभ हो गया। पड़ोसी राज्य के अलावा पूर्वांचल के गांवों, कस्बों से कोरोना संक्रमण की परवाह किए बिना पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी की पावन धारा में गोता लगाना शुरू कर दिया।एक पर एक चढ़ते, धकियाते हुए लोगों ने अमृतमयी संगम की धारा में गोता लगाकर तन-मन को धन्य किया। देर शाम तक लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। संगम के साथ ही पांच सेक्टर में बसे माघ मेले में छह घाटों पर स्नान का उत्सव छाया रहा। ओल्डजीटी, गंगोली शिवाला के अलावा त्रिवेणी मार्ग से लगे रामघाट पर भी संगम के रूप में पुण्य की डुबकी लगाई गई। त्रिवेणी, काली सड़क और लाल सड़क से लोग कतारबद्ध होकर झोला, गठरी लेकर संगम की ओर बढ़ते रहे। कोई बुजुर्ग माता -पिता को स्नान कराकर पुण्य बटोरने निकला तो कोई पत्नी-बच्चों को लेकर। भीड़ में बिछुड़ने की चिंता की वजह से एक-दूसरे का हाथ थाम कर भी लोग चलते रहे, ताकि साथ न छूटने पाए। पौ फटने के साथ महावीर पांटून पुल से लेकर अकबर के किला स्थितत वीआईपी घाट तक एक किमी लंबे घाट के सामन बनी सक्युर्लेटिंग एरिया में कहीं भी खड़ा होने की जगह नहीं बची। किसी के कपड़े खोते रहे तो किसी का झोला। लोग डुबकी लगाते, बिछड़ते और उसी घाट पर मिलते भी रहे। मकर संक्रांति के स्नान के साथ ही अन्न, वस्त्र और खिचड़ी का भी दान संतों-भक्तों ने खूब किया।

### संगम पर कोविड प्रोटोकॉल में लगी पुण्य की डुबकी, मेला प्रशासन का दावा

कोविड प्रोटोकॉल के बीच शुक्रवार को प्रथम स्नान पर्व की डुबकी लगाई गई। यह दावा मेला प्रशासन ने किया। जबकि, स्नान घाटों पर स्थिति ठीक इसके उलट रही। न किसी के चेहरे पर मास्क रहा ना ही कहीं सैनिटइजेशन की व्यवस्था। लोग धक्का-मुक्की करते संगम पर पहुंचते रहे। हालांकि हर सेक्टर में बने कोविड-19 जांच केंद्रों पर श्रद्धालुओं की जांच कराई जाती रही। स्वास्थ्य कर्मियों की सर्वे टीम ने दिन भर सेक्टरवाइज अभियान चलाया। लाउडस्पीकर से लोगों मास्क लगाकर मेले में चलने और लगातार हाथ सैनिटाइज करने के लिए प्रेरित किया जाता रहा। शिविरों में संतों-कल्पवासियों को कोरोना निगेटिव का प्रमाण पत्र भी दिया जाता रहा।




मेला क्षेत्र में ड्यूटी करते पुलिस के जवान

### 12 घाटों पर लगी पुण्य की डुबकी

माघ मेले में 5000 से अधिक सुरक्षा बलों की माघ मेला में तैनाती की गई है। 100 सीसीटीवी कैमरों से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। मेला क्षेत्र में आठ स्थानों पर वाहनों की पार्किंग, पांच पांटून पुलों से मेला क्षेत्र में प्रवेश हो रहा है।

### 16 प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्क्रीनिंग, 12 सर्विलांस टीमें रही तैनात

मेला प्रशासन ने कोविड प्रोटोकॉल के बीच स्नान की तैयारियों को देखा और परखा तथा मेले के सभी 16 प्रवेश द्वारों और पार्किंग स्थलों पर थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई। इसके अलावा प्रत्येक सेक्टर में 12 सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं, जो मेले में आने वाले श्रद्धालुओं कल्पवासियों की आरटीपीसीआर जांच करती रही । इसके अलावा कोविड-19 के टीकाकरण और सैंपलिंग के लिए भी छह-छह केंद्र बनाए गए हैं।

## माघ मेले में रेलवे स्टेशन रहे खाली, रामबाग से चली दो स्पेशल ट्रेन के लिए बिके मात्र 16 टिकट



**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण का असर माघ मेले के पहले स्नान पर्व मकर संक्रांति पर भी पड़ा। मेले की इस महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशन खाली रहे। पूर्वोत्तर रेलवे की बात करें तो प्रयागराज रामबाग से दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया लेकिन उसके 16 टिकट ही बिके।प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ ना होने की वजह से स्पेशल ट्रेन चलाने की नौबत नहीं आई। मेले के मद्देनजर उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे ने इस बार स्पेशल ट्रेनों की समय सारणी जारी नहीं की। हालांकि प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन के रैक मंगवा लिए गए थे लेकिन भीड़ ना होने की वजह से उन्हें चलाने की नौबत नहीं आई।प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी और प्रयाग जंक्शन आने वाली रेगुलर ट्रेनों में भी सामान दिनों जैसे ही भीड़ रही। वहीं रोडवेज की बात करें तो मकर संक्रांति के मौके पर 970 बसों का इंतजाम प्रयागराज से विभिन्न रूटों पर किया गया लेकिन यात्री कम होने की वजह से दोपहर 2:00 बजे तक विभिन्न रूट पर 200 बसों का ही संचालन हो सका।इसमें भी अधिकांश बसें आधी ही भरी। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस बिसेन ने बताया कि प्रयागराज किस सिविल लाइन और जीरो रोड बस स्टेशन से ही आज बसें चलाई गई। उन्होंने बताया कि शाम तक विभिन्न रूटों पर डेढ़ सौ बसें और चलाई जा सकती हैं।

### मकर संक्रांति के पर्व पर गंगा दूतों ने किया सूर्य नमस्कार



**प्रयागराज।** आयुष मंत्रालय वैश्विक स्तर पर 75 लाख लोगों के लिए एक 'ग्लोबल सूर्य नमस्कार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी मे मकर संक्रांति महापर्व के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज, नमामि गंगे परियोजना के तत्वाधान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ब्लॉक के अंतर्गत सभी स्वयंसेवक, युवा मंडल एवं गंगा दूतों ने मकर संक्रांति के पर्व पर सूर्य नमस्कार कर सक्रियता से प्रतिभाग किया। इस पर्व पर गंगा आरती का आयोजन भी किया गया ' नमामि गंगे स्पेयरहेड मेंबर दुकान जी द्वारा संगम घाट पर घूम घूम कर आए हुए सभी श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता एवं साफ-सफाई द्वारा जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने बताया योग की वजह से इंसान का तन-मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। सूर्य ही इस पूरे ब्रह्मांड की ऊर्जा का श्रोत हैं। जिला परियजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया सूर्य नमस्कार के जरिए लोग दुनिया के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को वर्चुअल माध्यम से सूर्य नमस्कार के लिए प्रोत्साहित किया गया । सूर्य नमस्कार की टैगलाइन सूर्य नमस्कार जीवन शक्ति का आधार रही। स्वयंसेवक कुलदीप ,कविता निकिता, प्रीति, गायत्री ,रोहित सुभाष ,गणेश, अंजू, सुनील जागृति आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## कच्चा मकान गिरने से अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत राचनपुर बघेड़ी गाँव मे कच्चा मकान ढहने से अधेड़ की मौत हो गई।लोगों ने बताया कि संतलाल मौर्य 52 वर्ष अपने कच्चे मकान के अंदर सो रहे थे अचानक घर की दीवार गिर गई और दीवार के नीचे दबने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहाँ पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।अगल-बगल के लोगों ने सूचना एसडीएम हंडिया को दिए एसडीएम हडिया मौके पर आए सहायता राशि देने का आश्वासन दिया जंघई पुलिस ने मृतक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के आईटीआई कंपनी गेट के समीप शुक्रवार को एक बाइक की टक्कर लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के भरौ?हा ग्राम सभा के निबहरा के रहने वाले रामबरन (55) पुत्र दिलराज नैनी क्षेत्र में किसी प्राइवेट फैक्ट्री में कार्य करते थे। वह साइकिल द्वारा आईटीआई कंपनी के गेट के समीप एक किराने की दुकान पर जा रहे थे और सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर दुर्घटना स्थल पर परिजन पहुंचे और शव को देख कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## सांसद रीता बहुगुणा जोशी कोरोना संक्रमित, दिल्ली में हुईं आइसोलेट

**प्रयागराज।** इलहाबाद से भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। वह दिल्ली में आइसोलेट हो गई हैं। बताया जाता है कि उन्होंने कुछ दिनों से बुखार हो रहा था। बुखार 103 से 104 डिग्री था।उन्होंने जब कोविड की जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद उन्होंने अपने को दिल्ली में ही आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने संपर्क में आने वाले लोगों से भी जांच कराने का आग्रह किया है। बता दें कि सांसद रीता बहुगुणा जोशी पिछले साल दूसरी लहर में भी कोरोना संक्रमित हुई थीं। उस दौरान उनके पति भी संक्रमित हो गए थे। दोनों दिल्ली के मेदांता में एडमिट हुए थे और ठीक होने के बाद प्रयागराज आए थे। तीसरी लहर में भी वह संक्रमित हो गई हैं। सांसद रीता तीन दिन पहले दिल्ली पहुंची थीं। वहां उनका कुछ भाजपा नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम था। दिल्ली पहुंचने पर वह किन-किन लोगों से मिली हैं इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

## अपार्टमेंट में शार्टसर्किट से लगी आग, बच्चों सहित 9 लोग सुरक्षित



अपार्टमेंट की बालकनी में निकल रही आग की लपटें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बाघम्बरी गद्दी से सटे संगम लिंक अपार्टमेंट में बैंक के रिटायर मैनेजर एके दुबे के बालकनी में इनवर्टर बैटरी के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई, देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकलकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान लाखों का सामान राख हो चुका था। इस दौरान फ्लैट में फंसे बच्चों सहित 9 लोगों को फायरकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

### चौथी मंजिल पर लगी आग

संगम लिंक अपार्टमेंट्स सी ब्लॉक फ्लैट नंबर- 401,चतुर्थ तल पर आज शाम आग लग गई। सूचना मिलते ही फायरकर्मियों पहुंचे। कर्मचारियों द्वारा उक्त भवन में लगे फिक्स्ड फायर फाइटिंग सिस्टम होजरील व हौज पाइप के माध्यम से तथा फायर टैंकर से एक लाइन हौज पाइप बिछाकर आग को करीब एक घंटे की कड़ी मशक्त के बाद काबू किया जा सका।

### दुआएं करते रहे लोग, 9 ल्ओगों की सांसत में फंसी थी जान

ऊपरी मंजिल पर निवास कर रहे परिवार के सदस्यों सीमा दुबे पत्नी आमोद कुमार दुबे उम्र 50 वर्ष, स्तव्य पराशर पुत्र अंकित पराशर उम्र 9 माह, सीता विश्वकर्मा पत्नी दीपक विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष, एसके सिन्हा पुत्र स्वर्गीय जी एस सिन्हा उम्र 60 वर्ष, प्रीति मौर्या पत्नी आशीष मौर्या उम्र लगभग 32 वर्ष, प्रिया मौर्या पुत्री प्रीति मौर्या उम्र लगभग ढाई वर्ष , डॉक्टर बी एल पटेल उम्र लगभग 50 वर्ष, बबीता मौर्या पुत्री लालचंद मौर्या उम्र लगभग 22 वर्ष, सतीश सिंह पत्नी एसबी सिंह उम्र लगभग 52 वर्ष को सुरक्षित भवन की ऊपरी मंजिल से भवन में स्थापित सीढ़ी के माध्यम से नीचे उतार लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय पुरुष महिला व बच्चे कुल मिलाकर 9 लोगों के जीवन को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण प्रथम द्दष्टया इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। जिसकी जांच की जा रही है।



### अपना दल प्रत्याशी चन्द्रा ने किया जनसंपर्क कहा मौका मिला तो सभी का सम्मान रखूंगा

**कोराव।** अपना दल के संभावित प्रत्याशी विनोद कुमार चंद्रा ने कोराव विधान सभा के विभिन्न इलाकों में लोगों से जा कर संपर्क किया।श्री चंद्रा ने कहा कि यदि पार्टी ने भाजपा अपना दल गठबंधन से टिकट दिया तो निश्चय ही इलाके का चहुमुखी विकास करूंगा,और सभी का सम्मान रखूंगा। श्री चंद्रा अपना दल एस के जिला प्रयागराज के उपाध्यक्ष तथा भारतीय सुदर्शन समाज युवा मंच के महा सचिव भी हैं।उन्होंने देवगाट तिराहे पर अपने पार्टी के अनस और अन्य लोगों से मिल बैठ कर चचाएँ की। और अनुप्रिया पटेल के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

### भाजपाईयों ने दलित बस्ती में मकर संक्रांति मनाई

**प्रतापपुर।** लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत प्रतापपुर मंडल के भोगवारा ग्राम पंचायत बूथ पर मकर सक्रांति के पर्व पर बनवासी बस्ती में खिचड़ी खाकर मकर संक्रांति मनाई गई।जिसमें बनवासियों ने एक सुर से कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार पुनः बनेगी।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पं. आशुतोष त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष महावीर मिश्रा, मंडल मंत्री विनय दुबे, पीके तिवारी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री वैभव सिंह एवं विवेक द्वारा हर घर-हर लाभार्थी से सम्पर्क किया गया।

## विधानसभा चुनाव से खादी वस्त्र मार्केट में रौनक की आस

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद खादी वस्त्र बाजार में व्यापार को लेकर खादी ग्राम उद्योग सहसों के प्रभारी तथा भंडार सहायकों में उत्साह भरा हुआ है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से स्थापित सघन क्षेत्र विकास समिति में संचालित खादी वस्त्रों का भण्डार हर समय उपलब्ध रहता है। परन्तु विधानसभा चुनाव को लेकर प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ता अच्छा व्यापार होने को लेकर खासा उत्साहित हैं।

पिछले साल कोरोना संक्रमण के प्रभाव के चलते लगभग सभी तरह के व्यापार में मंदी छाई रही। धीरे धीरे संक्रमण का प्रभाव कम हुआ तो बाजारों ने रौनक पकड़ी। बावजूद इसके कपड़े के व्यापार में भी वृद्धि आई। वहीं पर विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही खादी ग्रामोद्योग सघन क्षेत्र विकास समिति सहसों में विभिन्न प्रकार के खादी सूत से निर्मित सदरी, कुर्ता पायजामा के अतिरिक्त खादी के सफेद वस्त्रों का भण्डारण बना रखा है। इस संबंध में व्यवस्थापक राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि विधानसभा का चुनाव लगभग डेढ़ माह बाद है तब तक अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद से अतिरिक्त भण्डार में दो सौ सदरी जिसमें खादी सूती, रेशम तथा पोली सदरी, एक सौ पचास कुर्ता-पायजमा, 250 गमछा,मास्क आ चुका है। अभी और कारीगर सिलाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए खादी के मास्क की विशाल रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा और अधिक बनवाया जा रहा है। प्रभारी राम सिंह एवं सहायक प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वैसे भी सर्दियों के मौसम में खादी के वस्त्रों की बिक्री औसतन बढ़ जाती है। परन्तु चुनाव को देखते हुए हम सब और अधिक भण्डार में बने बनाए कपड़े तथा अन्य कपड़े भी मंगवा रहे हैं। वर्तमान समय में खादी के सभी वस्तुओं पर 30 फीसदी छूट 8 फरवरी तक जारी है। जिसका लाभ भी मिलने की उम्मीद है। विधानसभा चुनाव एवं खादी वस्त्रों पर छूट से खादी वस्त्रों के व्यापार को चमकने की उम्मीद है।

### 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

जारी /प्रयागराज। कौंधियारा थाना अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत-शुक्रवार को दोपहर अवैध शराब बेचने ले जा रहे दो लोगों को थाना क्षेत्र के सेमरी से चौकी प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी हमराहीयों के साथ गिरफ्तार किया। थाना अंतर्गत रमेश भारतीया पुत्र स्वर्गीय ननकू भारतीया 29 कुई व अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र त्रियुगी प्रसाद विश्वकर्मा को 20 -20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ सेमरी से गिरफ्तार कर दफा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई ।

## महिला पर दारागंज थाने में मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्था सिलाई, कढ़ाई और बुनाई प्रशिक्षण एवं उत्पाद केंद्र दारागंज में पूर्व में कर्मचारी पुष्पा श्रीवास्तव के खिलाफ दारागंज थाने में दो मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि उन्होंने तत्कालीन प्रबंधक के फर्जी हस्ताक्षर कराकर नौकरी पाई। दोनों ही मुकदमा सिलाई कढ़ाई केंद्र के प्रबंधक पंकज शुक्ला ने पुष्पा श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज कराई है। आरोप है कि अलोपीबाग की रहने वाली पुष्पा श्रीवास्तव ने फजीर्वाड़ा कर-के वेतन ले रही थी। इसकी जांच शुरू हुई। पुष्पा को साक्ष्यों के साथ बयान के लिए बुलाया गया। उन्हें नोटिस भेजा गया। जांच कमेटी के सामने पुष्पा ने अपना पक्ष रखा लेकिन नियुक्ति की मूल प्रति नहीं प्रस्तुत कर सकी। आरोप लगा कि 30 जून 1997 को कूटरचित और फर्जी हस्ताक्षर करके उनकी नियुक्ति की गई। इसकी हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से भी जांच कराई गई। प्रबंधक का हस्ताक्षर का मिलान नहीं हुआ। इसी आधार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी तरह दूसरा मुकदमा पुष्पा के खिलाफ पत्रावली गायब करने का दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि शिकायत मिलने पर उपप्रबंधक सिलाई कढ़ाई के प्रमोद शुक्ल ने जांच की थी। उनकी जांच में पुष्पा के खिलाफ पत्रावली गायब करने का आरोप लगा है। अब दारागंज पुलिस फजीर्वाड़ा और पत्रावली गायब करने का, दोनों मुकदमों की जांच कर रही है।

# कोविड से निपटने के लिये 25 वार्डों में निगरानी समितियां सक्रिय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोविड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नगर पालिका ने अपने 25 वार्डों में निगरानी समितियों को सक्रिय कर दिया है। निगरानी समितियां जहां कोविड टीकाकरण के लिये लोगों को जागरुक कर रही हैं, वहीं जिले से बाहर से आने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

वार्डों के सभासदों की अध्यक्षता में बनाई गई निगरानी समितियों में क्षेत्रीय लेखपाल, आशा कार्यकत्री, कोटेदार तथा वार्ड के प्रमुख सदस्य शामिल होते हैं। स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व डीसी आशीष मिश्रा भी वार्डों की निगरानी समितियों में पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को नगर के हादीहाल में तहसील वार्ड की निगरानी समिति की बैठक सुशील श्रीवास्तव सभासद की अध्यक्षता में हुई जिसमें कोविड से लड़ने के लिये निगरानी समितियों को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा

## लोगों को किया जा रहा कोविड के प्रति जागरुक, बाहरी लोगों पर नजर


घर के बाहर दवा का छिड़काव करते नगर पालिका कर्मी।

## शहर में दस संक्रमित किये गये चिन्हित

**प्रतापगढ़।** शहर में अभी दस संक्रमित चिन्हित हुए हैं जिनके घरों को नगर पालिका सेनेटाइज कर रही है। जिन मोहल्लों में संक्रमण मिला है, उनमें पल्टन बाजार, रेलवे स्टेशन, अजीत नगर, गायघाट रोड, संजीवनी अस्पताल के पास, आजाद नगर, श्याम बिहारी गली व भंगवा चुंगी शामिल हैं। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि संक्रमितों के नाम व पता मुख्य चिकित्साधिकारी के यहां से प्राप्त हुए हैं जिनके घरों को सेनेटाइज कर उन्हें स्वास्थ्य विभाग की दवाएं दी जा रही हैं।

शहर के जिन घरों में संक्रमित मिल रहे हैं, उनके घरों को सेनेटाइज किया जा रहा है।

## कोरोना पाजिटिव छह स्थल अस्थाई रूप से हुए सील

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) की जांच में छह स्थलों पर कोरोना पॉजिटव व्यक्ति पाये जाने के दृष्टिगत कोविड-19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण हेतु 06 स्थलों के 25 मीटर की परिधि में 14 दिवस तक अस्थाई रूप से सील कर दिया है एवं परिसर में प्रवेश व निकास एवं वाहनों के संचालन को (अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर) प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होने जिन कोरोना पाजीटिव स्थलों का सील किया है उनमें कोरोना पाजीटिव व्यक्ति सक्षम सिंह वार्ड नं0-8 मेला ग्राउण्ड पट्टी, मयंक मिश्रा मीरा भवन, प्रतीक सुखपालनगर, मो0 रिजवान खान पुरवारा लालगंज अझारा, आस्था सिंह सराय महिमा बिहारगंज व मो0 नसीम सहोदरपुर के नाम सम्मिलित है। उन्होंने कहा है कि इस अवधि में आवश्यक सामग्रियों को लेकर आने-जाने वाले वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेगें किन्तु कोई वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र में अनावश्यक नही रूकेगा। किसी प्रकार की दुकान व बैंक आदि अग्रिम आदेशों तक नहीं खुलेगें। प्रतिबंधित क्षेत्र में आवश्यक सामग्रियों, दवाईयों, दूध, फल, राशन, सब्जी आदि की उपलब्धता डोर-टू-डोर आश्वस्त कराने हेतु ठेले आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जायेगी। सम्बन्धित उप जिला मजिस्टेज्ट माइक्रो कन्टेनमेन्ट घोषित स्थलों में चक्रमणरत रहकर धारा-144 निषेधाज्ञा आदेश एवं एपीडेमिक ऐक्ट तथा सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकाल का अनुपालन कराना सुनिश्चित कराएंगे।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह कोविड नियमों का पालन करें, तभी बेल्हा को कोरोना से बचाया जा सकता है, इसलिये हमें सजग रहना होगा। अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि निगरानी समितियां अपने वार्डों में थर्मल स्कैनिंग कर लोगों की जांच-पड़ताल भी कर रही हैं। अध्यक्षा व अधिशाषी अधिकारी ने लोगों से मास्क लगाने तथा भीड़ का हिस्सा न बनने का अनुरोध किया है।

# बिना सेनेटाइज दौड़ रही मुंबई और दिल्ली की ट्रेनें

## प्रतापगढ़ से चलती हैं दोनों ट्रेनें, नहीं किया जा रहा गाइड लाइन का पालन

### दोनों प्रान्तों में फैला हुआ है कोरोना, लोग है परेशान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिल्ली और मुंबई की में कोरोना का संक्रमण फैला हुआ है। उधर से आने वाली पद्मावत और उद्योग नगरी एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतापगढ़ यार्ड में सेनेटाइज नहीं किया जा रहा है। जिससे यात्रियों के साथ रेलवे स्टाफ कोरोना संक्रमण को लेकर काफी खौफजदा है। एक दिन पहले उन्हीं के बीच का एक लोको पायलट कोरोना पॉजिटिव हो गया है। जब से यह खबर फैली है। ट्रेन मैनेजर, शंटिंग स्टाफ, पोर्टर और लोको पायलट और भी डरे हुये है।

बता दे कि उद्योग नगरी सप्ताह में दो बार प्रतापगढ़ आती है। यहां से मुंबई जाती है। पद्मावत एक्सप्रेस डेली दिल्ली आती, जाती है। सैकड़ों मुसाफिर सफर करते हैं। लेकिन ट्रेनों को सेनेटाइज करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। सूत्रों की मानें तो मुंबई और दिल्ली यार्ड में आने के बाद ट्रेनों को सेनेटाइज किया जाता है। उसके बाद उन्हें उनके रूट पर भेजा जाता है। पद्मावत एक्सप्रेस और उद्योग नगरी की बात की जाय तो प्रतापगढ़ आने के बाद बिना सेनेटाइज किये ही उन्हें दिल्ली और मुंबई रवाना किया जा रहा है। हालांकि धुलाई का दावा किया जा रहा है। लेकिन जहां तक सेनेटाइज की बात है उसे लोग सिरे से खारिज कर रहें हैं। लोको पायलट और गार्ड की मानें तो ट्रेनों को सेनेटाइज नहीं किया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैला हुआ है। यही नहीं प्रतापगढ़ में किसी भी ट्रेन को सेनेटाइज नहीं किया जा रहा है। एसएस एसके यादव का कहना है कि ट्रेनों के सेनेटाइज करने का आदेश नहीं आया है। इस संबंध में वे अधिकारियों से बात करेंग

### आ सकते हैं डीआरएम, तैयारियां जोरों पर

मंडलीय रेल प्रबंधक लखनऊ 15 जनवरी को प्रतापगढ़ आ सकते हैं। इसका मैसेज आने के बाद स्टेशन पर तैयारियां जोरों से शुरू हो गई हैं। साफ सफाई, दफ्तर और परिसर को चाक चैबंद किया जा रहा है। अभिलेखों को दुरुस्त किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार डीआरएम सुबह आएंगे। दिन भर प्रतापगढ़ में रहेंगे। रिमॉडलिंग का कार्य देखेंगे। यही से लखनऊ लौट जायेंगे। एसएस ने बताया है कि डीआरएम के प्रतापगढ़ आने का मैसेज मिला है।

## बसपा ने घोषित किये पांच प्रत्याशी, अशफाक बने विश्वनाथगंज प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज मंडल बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर प्रभारी राजू गौतम के द्वारा शुक्रवार को विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के मांधाता बाजार में बताया कि आगामी मिशन 2022 में बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के निर्देश पर मेरे द्वारा विधानसभा विश्वनाथगंज के बसपा प्रत्याशी अशफाक अहमद एवं बाबागंज सुशील कुमार गौतम उम्मीदवार घोषित किया गया है। यह जानकारी बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल चंद्र गौतम ने प्रेस को दी। उन्होंने बताया कि पट्टी से फूलचंद्र मिश्रा, सदर प्रतापगढ़ से आशुतोष त्रिपाठी, रानीगंज से अजय यादव बसपा से चुनाव लड़ेंगे।

## 17 जनवरी तक बढ़ी निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथि

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया कि माह जनवरी 2022 के प्रथम चरण में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को छह जनवरी से निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण किया जा रहा है। वितरण की अन्तिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित है। उन्होने बताया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वितरण अवधि का विस्तार करते हुए अन्तिम तिथि 17 जनवरी .2022 निर्धारित की गयी है। विस्तारित अवधि में कार्डधारक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से गेहूँ, चावल, खाद्य तेल, नमक व चना उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकते हैं। मोबाईल ओ0टी0पी0 के माध्यम से वितरण की तिथि भी 17 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। उन्होने यह भी बताया है कि राशनकार्ड धारकों को पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत उक्तानुसार पांचो सामग्री एक साथ प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगी।


लोहड़ी पर धमाल मचाती सिख समुदाय की महिलाएं।

## लोहड़ी पर सिख समुदाय की महिलाओं ने मचाया धमाल

### युवक-युवतियों ने पारंपरिक भांगड़ा डांस किया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पंजाबी कालोनी में लोहड़ी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। बीती रात साढे. नौ बजे से गुरुद्वारा के हजूरी रागी भाई मनोहर सिंह ने अपने जत्थे के साथ सबद कीर्तन गायन किया, उसके बाद अरदास व प्रसाद वितरित किया गया। रात ग्यारह बजे से लोहड़ी हंगामा शुरू हुआ। प्रांगण में अग्नि जलाकर उसमें बड़े बुजुर्गों व सभी आयु के लोगो ने अग्नि की परिक्रमा करते हुए, लाई लावा गुड़ तिल मुगफली आदि अग्नि को भेंट किया व देश व कौम की खुशहाली के लिए अरदास की। सभी ने अपने बड़ों का आशिर्वाद लिया। ढोल नगाड़ों की थाप पर युवक व युवतियों ने पारंपरिक गिद्धा व भंगड़ा डांस किया व पारंपरिक गीत सुंदरियों मुंदरिये तेरा कौन वेचारा हो, दुला भट्टी वाला हो जैसे गीत गाकर खूब धमाल मचाया। यह पर्व उन परिवारों के लिए और भाई महत्व पूर्ण होता है जहाँ नवबधु या पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई हो। अंत मे सभी ने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया, भोजन ग्रहण किया एवं एक दूसरे को बधाई देते हुए अपने घरों को गए। सरदार मंजीत सिंह गोबिन्द ने बताया कि लोहड़ी का सिक्ख धर्म से कोई लेना देना नहीं है, ये पंजाब का फसली त्योहार है। पंजाब में यह अगले वर्ष अच्छी फसल आने के लिए मन्नतें मानते हुए मनाया जाता है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, जसबीर सिंह, रघुवीर सिंह, मंजीत सिंह गोबिन्द, परमजीत सिंह, सतबीर सिंह, सुरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, सोनू विशु आदि रहे।

## डीएपी के बाद यूरिया में अब 23 लाख का हुआ घोटाला

**प्रतापगढ़।** डीएपी के बाद यूरिया में भी 23.56 लाख का गबन किया गया। मामले का राजफाश तब हुआ जब तीन गोदामों में डंप यूरिया को समितियों पर भेजने के दौरान गिनती कराई गई। इस पर एआर कोआपरेटिव व डीएम के निर्देश पर पीसीएफ के प्रबंधक ने डीएपी गबन के मामले में निलंबित भंडार नायक संतोष कुमार के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी है। पीसीएफ गोदाम के भंडार नायक संतोष कुमार पर साढ़े पांच करोड़ के गबन के मामले में नवंबर माह में नगर कोतवाली में एफआइआर कराई गई थी। इसके बाद विभाग ने गोदाम को सील कराते हुए भंडार नायक को निलंबित कर दिया।

# अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल फ्लैग मार्च

### चिलबिला चौकी प्रभारी ने लोगो को किया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** चुनाव के दौरान सुरक्षा का माहौल बनाने और अराजक तत्वों में भय पैदा करने के उद्देश्य से चिलबिला चौकी प्रभारी दौलत यादव ने पुलिस फोर्स के साथ बिहारगंज बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस वालों का भारी हुजूम दिखा। पुलिस का फ्लैग मार्च देखकर लोगो ने भी खुद को सुरक्षित महसूस किया। चौकी प्रभारी दौलत यादव ने बताया कि चुनाव के दौरान ऐसे फ्लैग मार्चा करने से उपद्रवी व अराजक तत्वों में भय का माहौल बनता है और शांति व्यवस्था कायम रखने में मदद मिलती है।

### मतदाताओं को दिया गया संदेश


नवाबगंज बाजार में फ्लैग मार्च करते जवान।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** आगामी 27 फरवरी को पांचवे चरण में होने वाले विधान सभा बाबागंज व कुंडा के चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिये चुनाव आयोग के निर्देश पर शुक्रवार की दोपहर को सुरक्षाबलों के जवानों ने सीओ कुंडा अजीत कुमार सिंह व नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह के साथ नवाबगंज, परियावां, अन्सारगंज, केरावडीह मोड़, अस्थान, राजा का पुरवा, अदलाबाद, लवाना, कन्धेरुआ चैराहा, कुसुवापुर, रेवली मोड़, रामनगर, आलापुर, कालाकांकर का पैदल फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान मतदाताओं को संदेश दिया कि हम चुनाव सम्पन्न कराने आ गए हैं। भयमुक्त होकर अपने बहुमूल्य वोट का मतदान करें। इसी क्रम में चुनाव को मद्देनजर देखते हुये जिला प्रशासन के आदेश पर नवाबगज थाने में लाइसेंस धारकों ने अपना असलहा थाने में जमा करना शुरू कर दिया है जिसमे आधे से ज्यादा असलहा जमा होने की बात पुलिस कह रही है।

## क्यूआर कोड से जुड़ सकेंगे किसान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए किसान भाइयों को किसान सारथी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा, जिसके लिए दिये गये क्यू0आर0 कोड को गुगल लेंस से स्कैन करें। तत्पश्चात पोर्टल का रजिस्ट्रेशन वाला पेज खुलेगा जिसमें किसान भाई अपना नाम, मोबाइल नं0 भरकर, राज्य, जिला व कृषि विज्ञान केन्द्र को सेलेक्ट कर सबमिट करें। सबमिट होने के बाद किसान का रजिस्ट्रेशन किसान सारथी पोर्टल पर हो जायेगा इसके बाद जब भी खेती जुड़ी कोई जानकारी लेनी हो तो कृषि वैज्ञानिकों से बातचीत करने के लिए टोल फ्री पर बात करें।


श्रीकृष्ण बालिका विद्यालय में टीकाकरण कराती छात्राएं।

## श्रीकृष्ण बालिका विद्यालय में हुआ टीकाकरण

अखंड भारत संदेश

**बिहारंज, प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण बालिका माध्यमिक विद्यालय चिलबिला प्रतापगढ़ में शुक्रवार को 15 से 18 वर्ष के बालक एवम बालिकाओं का कोविड टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया, जिसमे छात्रों के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी टीके की खुराक ली। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राम फेर सिंह, मंत्री पारस नाथ, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा सहायक अध्यापिका दीपा शर्मा, ज्योति सिंह, अंकुर एवम सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। बता दें कि इस वक्त कोरोना की लहर फिर से जिले में दस्तक दे रही है। इससे बचने के लिये युवाओं के अंदर टीकाकरण का जज्बा दिखाई दे रहा है और युवा टीकाकरण करा रहे हैं।

# बेल्हा के लोगों ने मनाया खिचड़ी का त्योहार

## युवाओं ने खूब उड़ाई पतंगें, जगह-जगह हुआ खिचड़ी दान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति (खिचड़ी) का त्योहार बेल्हा में अपने ढंग से मनाया जाता है। अवध क्षेत्र के इस शहर में तिल का लड्डू चिक्की का स्वाद भले ही शहरवासी ले रहे हों, लेकिन गांव में अभी भी ढूढी, तिलवा, गुल्लइया का मिठास लोग अपने ढंग से लेते हैं।

शहर से लेकर गांव तक आज जगह-जगह खिचड़ी दान के कार्यक्रम हुए तो किशोरों व युवकों ने पतंगें खूब उड़ाई। इस बार हो रहे विधान सभा चुनाव का असर भी इन पतंगों में दिखाई दिया। दुकानों पर मुख्यमंत्री योगी व सपा मुखिया अखिलेश के चित्र वाली पतंगें भी खूब उड़ाई गई। वैसे मकर संक्रांति आज शाम से शुरू हो रही है। हिन्दू समाज अभी कल 15 जनवरी को यह त्योहार विधिवत मनायेगा, फिर भी जानकार लोगों का कहना है कि मकर संक्रांति इस बार 14 व 15 जनवरी को दो दिन मनाई जाएगी।

गंगा स्नान करने के लिये प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में आज भीड़ दिखाई दी। मकर संक्रांति के बाद ही शुभ मुहूर्त शुरू हो जाते हैं। हिन्दू समाज में मकर संक्रांति का विशेष महत्व माना गया है।


खिचड़ी त्योहार पर खिचड़ी दान करते कार्यकर्ता

## खरपतवार एवं आलू में झुलसा रोग से अपनी फसल बचाएं किसान

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि वर्तमान समय में गेहूँ की फसल अपनी ताजमूल अवस्था को प्राप्त कर चुकी है तथा फसल में प्रथम सिंचाई की जा चुकी है। इस समय गेहूँ की फसल में सकरी पत्ती (गेंहुसा एवं जगली जई) व चैड़ी पत्ती (बथुआ, कृष्णनील, अकरा-अकरी, सत्यानाशी, जंगली गाजर, प्याजी आदि) खरपतवार के प्रकोप का विशेष समय रहता है। उन्होने बताया है कि गेहुसा एवं जगली जई के नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 33 ग्राम प्रति हेक्टेयर मात्रा का लगभग 500-600 लीटर पानी में घोलकर बुआई के 20-25 दिन बाद फ्लैटफैन नाजिल से छिड़काव करें। चैड़ी पत्ती के खरपतवार के नियंत्रण हेतु 2, 4 डी0 सोडियम साल्ट 80 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 625 ग्राम प्रति हेक्टेयर मात्रा का लगभग 500-600 लीटर पानी में घोलकर बुआई के 20-25 दिन बाद फ्लैटफैन नाजिल से छिड़काव करना चाहिये। उन्होने बताया है कि आलू में इस समय पछेती झुलसा आने की सम्भावना है इसलिये जिनेब 75 प्रतिशत (जेड़-78) अथवा कापर आक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत की 3 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर 6-7 दिन के अन्तराल पर 2-3 छिड़काव करें।

## अठेहा व्यापार मंडल के गठन हेतु निर्धारित बैठक स्थगित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी द्वारा निर्गत अधिकार पत्र के आधार पर अठेहा व्यापार मंडल के गठन हेतु मंगापुर व्यापार मंडल के विधिक सलाहकार परशुराम उपाध्याय सुमन एडवोकेट ने 15 जनवरी को अठेहा बाजार के व्यापारियों की बैठक निर्धारित किया था, किंतु उत्तर प्रदेश में चुनाव आचार संहिता एवं जनपद प्रतापगढ़ में धारा 144 के प्रभावी होने के कारण बैठक संभव नहीं है। ऐसी परिस्थिति में अठेहा व्यापार मंडल के गठन हेतु प्रस्तावित बैठक आगामी सूचना तक स्थगित करते हुए परशुराम उपाध्याय सुमन ने बताया है कि निकट भविष्य में कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया हेतु पुनः बैठक आहूत की जाएगी।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 गिरीशधर दुबे मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के सुखपाल नगर तिराहे के पास से अनुज कुमार पाण्डेय पुत्र अजय कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम दिलीपपुर थाना कंधई को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 32/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का पंजीकृत किया गया।

### खबर संक्षेप

**बारिश के बाद अब हो रही किसानों की फसल खराब**

**कौशांबी।** बीते 3 दिन लगातार बारिश होने से किसानों के खेतों में पानी भर गया है जिससे किसानों की खेत की फसल खराब हो रही है बरसात बन्द होने के 2 दिन बीत जाने के बाद भी अभी भी खेतों में पानी भरा है सरकार का निर्देश है कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और किसानों के नुकसान का आकलन कर तहसील कर्मी किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई सरकारी खजाने से करें लेकिन मंझनपुर तहसील क्षेत्र के किसान परेशान है राजस्व कर्मी बरसात में हुई फसल के नुकसान का आकलन करने अभी तक गांव नहीं पहुंचे हैं जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के देवरा चक थाम्भा नारा सेवकु पुर टेन साह आलमा बाद सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के हजारों किसानों के खेतों में पानी भर जाने से फसलें बर्बाद हो गई हैं किसानों ने आला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरसात में फसल के नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मतदाता जन जागरूकता रैली एक्सप्रेस को जिला आधिकारी कार्यालय से उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिला अधिकारी जय चन्द्र पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली स्काउट गाइड बैंड पार्टी के द्वारा पैदल रूट मार्च करते हुए मंझनपुर तहसील पहुँची मंझनपुर तहसील से मतदाता एक्सप्रेस बस के द्वारा स्काउट गाइड व एनसीसी कैडेट जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव की देखरेख में मंझनपुर से होते हुए सिराथू धाता टेंवा ओसा समदा भरवारी व मूरतगंज होते हुए जनपद कौशांबी का भ्रमण और जागरूक करते हुए आगे के लिए प्रस्थान हुए जिसमें वहां पर उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक जिला मुख्यायुक्त उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद कौशांबी संतोष कुमार मिश्रा जिला कमिश्नर स्काउट चुन्नीलाल सरोज जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव जिला खेल सचिव श्याम लाल चंद्रभूषण पाण्डेय एन एस एस प्रभारी डॉ अनिल कुमार स्काउट्स और गाइड्स व एनसीसी कैडेट्स आदि उपस्थित रहे।



मतदाता जागरूकता रैली

### अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त समीउद्दीन पुत्र रफिउद्दीन निवासी उमरी थाना पिपरी को 01 अदद नाजायज तमचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त टिर्रा पुत्र हरिलाल निवासी औधन थाना पिपरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### चुनाव के मद्देनजर अर्धसैनिक बलों द्वारा किया फ्लैगमार्च



**इमामगंज कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही निर्वाचन क्षेत्र को अर्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया है जिले की तीनों विधानसभा सिराथू चायल मंझनपुर की स्थितियों की जांच पड़ताल और लोकेशन अर्धसैनिक बल के जवान ले रहे हैं प्रतिदिन जिले के किसी ना किसी क्षेत्र में अर्ध सैनिक बल के जवान स्थानीय थाना पुलिस और पुलिस चौकी के उप निरीक्षकों के साथ पैदल मार्च कर भ्रमण कर रहे हैं।आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से चायल विधानसभा क्षेत्र के भरवारी परसरा लोहरा नंदबाई आदि क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के सैनिकों ने पैदल गस्त किया है गांव चौराहे बाजार में फ्लैगमार्च निकाल कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास अर्धसैनिक बल के जवानों ने कराया है भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा क्षेत्राधिकारी चायल असिस्टेंट कमांडेंट देवेश कुमार इंस्पेक्टर अमित तिवारी इंस्पेक्टर शैलेन्द्र प्रताप पाल उपनिरीक्षक राकेश कुमार साकेत सहित पुलिस और सैनिक जवान मौजूद रहे।

### नगर पालिका भरवारी में सेना व पुलिस जवानों ने किया फ्लैगमार्च



**कोखराज कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण कुशलता पूर्वक कराने की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग वा डीएम एसपी के निर्देशन में जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारों में केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के जवान जिले के हर संवेदनशील स्थानों पर फ्लैगमार्च कर रहे है जिससे मतदान शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके। विधानसभा चुनाव को लेकर डीएम सुजीत कुमार सिंह एसपी कौशांबी राधेश्याम विश्वकर्मा के निर्देश पर चायल एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव और सी ओ सिराथू योगेंद्र कृष्ण नारायण के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोखराज गणेश प्रसाद सिंह व भरवारी पुलिस चौकी प्रभारी श्रवण सिंह अपने हमराहियों और सेना के जवानों के साथ चायल मनौरी रोड पर फ्लैग मार्च करते हुए दंगाइयों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कोखराज थाना प्रभारी ने अर्ध सैनिक बल को फूल माला से स्वागत करते हुए कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी में पैदल व फ्लैग मार्च कर भ्रमण कराया और मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए आम जनमानस को शांति बनाए रखने की अपील की है। चुनाव आयोग ने यूपी सहित पांच राज्यों में 10 फरवरी से साथ चरणों में चुनाव कराना निश्चित किया है। कौशाम्बी जनपद में पांचवें चरण में 27 फरवरी को मतदान होगा चुनाव प्रक्रिया सकुशल संपन्न हो इसी उद्देश्य से सेना के जवानों की तैनाती की गई है और सेना के जवान मतदान क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

### नहरों में सिंचाई के लिए पानी की सौगात दिलाने वालों को जिताएं चुनाव : राधेश्याम चौधरी



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के मंझनपुर विधानसभा के प्रत्याशी राधेश्याम चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांव में भ्रमण किया और लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों से वार्ता करते हुए राधेश्याम चौधरी ने लोगों से विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने की अपील की। लोगो ने भी राधेश्याम चौधरी को विधायक बनाने का भरोसा दिलाया। अपने क्षेत्र भ्रमण के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्राम भेलखा, खोरा, महुआखाडा, तन्नापर आदि गांवों में राधेश्याम चौधरी ने भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से वार्ता करते हुए राधेश्याम चौधरी ने कहा कि कौशांबी जनपद की कई सालों से सूखी नहरों में सिंचाई के लिए पानी की सौगात लाने वाले समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार को क्षेत्र के सभी किसानों को जीताना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने करारी माइनर, समदा माइनर, अगियौना माइनर, टेवा माईनर आदि नहरों में पानी लाने के लिए जिला मुख्यालय मंझनपुर में सैकड़ों दिन धरना प्रदर्शन किए थे ताकि किसानों को सिंचाई के लिए नहरों से पानी मिल सके। इसलिए समर्थ किसान पार्टी के प्रत्याशी को विधानसभा पहुंचने का मौका दें इस अवसर पर जीतेन्द्र सिंह, सोनी यादव, राहुल चौधरी, मनोज तिवारी, दिलीप सोनकर आदि मौजूद रहे।

## हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी


मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करते भक्त

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगा के विभिन्न घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है इस अवसर पर क्षेत्रीय पुलिस मौजूद रही। मकर संक्रांति के पर्व पर कड़ा घाट पर कोरोना की तीसरी लहर के संक्रमण के बाद भी बेखौफ होकर विभिन्न घाटों में भक्त आस्था की डुबकी लगाते हुए देखे गए श्रद्धालुओं की भीड़ सूर्योदय के पहले ही घाटों पर बढ़ती गई है लोगों की आस्था को भीषण ठंड और गलन भी नहीं रोक पा रही है लोगों ने स्नान कर दान पुण्य का लाभ अर्जित किया है वहीं कड़ा धाम पुलिस चंद्रभूषण मौर्य के नेतृत्व में कुबरी घाट,कलेश्वर घाट,हनुमान घाट व कड़ा धाम मेला परिसर में शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण कर रही थी।


खिचड़ी भोज में शामिल चायल विधायक संजय गुप्ता

### खिचड़ी भोज में शामिल हुए चायल विधायक

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर ग्राम चकताजपुर में खिचड़ी भोज में पहुंचकर प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया विधायक चायल संजय गुप्ता ने कहा कि मकर सक्रांति पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व अलग-अलग प्रदेशों में अलग अलग नाम से जाना जाता है पौष मास में सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है तब वह दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं तभी इस पर्व को मकर सक्रांति के नाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मूरतगंज मंडल अध्यक्ष मनोज शुक्ला जिला महामंत्री दीपचंद दिवाकर मंडल उपाध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा अशोक गोस्वामी सेक्टर अध्यक्ष शिवपूजन पटेल व मानसिंह पटेल एवं बूथ अध्यक्ष वरुणेंद्र शुक्ला संदीप चौधरी सहित वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## चुनावी रंजिश में दबंगो ने घर घुसकर मचाया उत्पात पिता पुत्र को दबंगों ने पीटा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कैनी में पिता पुत्र को दबंगों ने जमकर पीटा है पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है दीपक सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है पीड़ित ने बताया कि घर पर गुरुवार की सुबह प्रधान पुत्र अंजीत कुमार आजेश कुमार पुत्र सन्नी लाल सहित कई लोगो ने घर पर घुसकर मारपीट व गाली गलौज किया। बाद में कई लोगो के एकत्र होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए निकल गए। पीड़ित ने बताया कि विपक्ष ने चुनावी रंजिश में हरिजन एक्ट में फसाने और गोली मारने की धमकी दी है। एसपी से गुहार लगाते हुए पीड़ित ने बताया कि अगर मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य के साथ कोई घटना होती है तो उसके लिए वर्तमान प्रधान सहित उसके परिवार व सहयोगी जिम्मेदार होंगे थानाध्यक्ष मंझनपुर ने चौकी इंचार्ज नारा को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

### पड़ोसियों पर मारपीट का लगाया आरोप

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पश्चिम शरीरा निवासी आफताब पुत्र बच्चा ने गांव के अली हसन आदि पर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है पीड़ित आफताब का कहना है कि उसके खिलाफ झूठे मुकदमे की पूर्व में तहरीर दी गई है और झूठा ऑडियो वायरल कर उसे फर्जी मुकदमे में फंसाने की बार-बार धमकी दी जा रही है शिकायत में बताया कि 13 जनवरी को 9:00 बजे रात्रि अली हसन आजम नौशाद इरशाद आदि लोग उसके घर पर चढ़ आए और मारने पीटने लगे जब माता-पिता ने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया गया और उनके साथ मारपीट की गई है कान का झुमका और रुपए छीनने का भी आरोप लगाया है पीड़ित का कहना है कि जब प्रार्थी के घर वालों ने हल्ला मचाया और मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए हैं।


आम जनमानस से संपर्क करते पार्टी प्रत्याशी सुशील जय हिंद

### जाति धर्म मजहब से ऊपर उठकर करना होगा मतदान : सुशील जयहिंद

**कौशाम्बी।** जय जवान जय किसान मंच के संयोजक समर्थ किसान पार्टी से चायल विधानसभा प्रत्याशी सुशील जय हिंद ने शुक्रवार को चरवा मूरतगंज निर्मल पट्टी व कई अन्य गांव में युवा टीम के साथ जनसंपर्क किया उन्होंने लोगों से अपील किया कि हम सभी लोगों को राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना होगा जनसंपर्क के दौरान सुशील जय हिंद ने कहा कि जात धर्म मजहब से ऊपर उठकर देश हित में मतदान करना होगा जिन महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी उनका सपना था कि मेरा देश मेरा राष्ट्र मजबूत बने मगर कुछ गंदी राजनीति करने वाले लोगों ने देश को धर्म के नाम पर बांट दिया सुशील जय हिंद कहा कि हम सारे लोग शत प्रतिशत मतदान करें और ईमानदार किसानों की बात करने वाले मजदूरों की बात करने वाले बेरोजगार नौजवानों का अधिकार दिलाने वालों का साथ दें उन्होंने कहा कि मैं समर्थ किसान पार्टी का प्रत्याशी हूं हर स्तर पर हर समय आपके सुख-दुख में खड़ा रहूंगा आप मेरा साथ दें आप मुझे मजबूत करें सुशील जय हिंद की टीम में शरद चंद्र राजेश यादव मनजीत विनय भट्ट सुरेंद्र भारतीय विपिन पटेल व अन्य साथियों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

## अरुण विद्यार्थी के मैदान में आने से मंझनपुर का चुनाव होगा रोचक

**आम जनमानस के दिलो-दिमाग में पूर्व विधायक ईश्वर शरण विद्यार्थी के सरल स्वभाव और उनकी ईमानदारी आज भी चर्चा के बीच है**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी को प्रत्याशी घोषित किया है इस सीट पर वर्ष 2017 में भाजपा प्रत्याशी लाल बहादुर ने जीत दर्ज की थी इसके पूर्व मंझनपुर विधानसभा सीट में कई बार बसपा के बैनर तले इंद्रजीत सरोज ने जीत दर्ज की थी और उसके पहले 1980 1985 1989 में ईश्वर शरण विद्यार्थी ने मंझनपुर विधानसभा से जीत का परचम लहराया था मंझनपुर सीट से बसपा के आर के चौधरी भी चुनाव जीत चुके हैं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को मंझनपुर सीट में कड़ी मेहनत करनी पड़ी है और सपा प्रत्याशियों की राह आसान नहीं है आम जनमानस के दिलो-दिमाग में पूर्व विधायक ईश्वर शरण विद्यार्थी के सरल स्वभाव और उनकी ईमानदारी आज भी चर्चा के बीच है लोग ईश्वर शरण विद्यार्थी जैसे ईमानदार सरल मधुर और व्यवहार कुशल जन जन के लोकप्रिय विधायक चाहते हैं और कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व विधायक ईश्वर शरण विद्यार्थी के बेटे अरुण विद्यार्थी को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र में अन्य दलों के नेताओं में खलबली मच गई है कांग्रेस पार्टी के वजूद को बचाने में काफी हद तक अरुण विद्यार्थी सफल साबित हो सकते हैं हाला की राह कठिन है लेकिन अरुण विद्यार्थी ने मजबूती से चुनाव लड़ा तो मंझनपुर विधानसभा सीट पर रोचक मुकाबला होगा।

### मंझनपुर विधानसभा से रमेश पासी हो सकते हैं भाजपा प्रत्याशी

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव 2022 में मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पासी को भाजपा प्रत्याशी घोषित कर सकती है सूत्र बताते हैं कि मंझनपुर विधानसभा से वर्तमान विधायक लालबहादुर समेत तमाम दावेदारों ने विधायक पद पर आवेदन कर भाजपा से टिकट मांगा है पार्टी के सूत्र बताते हैं कि सभी दावेदारों के बीच रमेश पासी की स्थिति अधिक मजबूत है पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश पासी पर भरोसा कर रही है भाजपा को भरोसा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मंझनपुर बिधानसभा से रमेश पासी को प्रत्याशी बनाए जाने से पार्टी की जीत भारी बहुमत से होगी हालांकि अभी तक पार्टी में स्पष्ट आदेश नहीं जारी किया है पार्टी सूत्रों के आधार पर रमेश पासी के नाम की चर्चा नेताओं के बीच है।

### बसपा से भाजपा में आए नेताओं ने थामा सपा का दामन

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी में स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ रहने वाले जिले के 3 नेता भाजपा में शामिल हुए थे लेकिन जैसे ही स्वामी प्रसाद ने भाजपा छोड़ दी है यह तीनों नेता भाजपा को छोड़कर समाजवादी में शामिल हो गए हैं इलाहाबाद कौशाम्बी डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अमरनाथ मौर्य,पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष मौर्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति नरेंद्र मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ सपा मे शामिल हुए हैं।

## वर्दी को कलंकित करने वाली थाना पुलिस की कब तक चलती रहेगी मनमानी !

अखंड भारत संदेश

**पुलिस ने पकड़ी अवैध खनन में लगी ट्रैक्टरट्रॉली करखास ने छोड़ी, सराय अकिल थाना पुलिस खाकी वर्दी को बदनाम करने पर उतारू**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना पुलिस द्वारा बालू के अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर छोड़ने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। थाने में जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने में ले जाकर खड़ी कर दिया हैं पकड़े गए वाहन को बाद में पुलिस ने मोटी रकम लेकर छोड़ दिया है सराय अकिल पुलिस का यह कारनामा खाकी वर्दी को बदनाम कर रहा है थाना पुलिस के इस कारनामे को क्या आला अधिकारी संज्ञान लेकर वर्दी की लाज बचाएंगे या फिर थाना पुलिस की मनमानी चलती रहेगी। बुधवार दोपहर सराय अकिल थाना पुलिस ने बालू से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध परिवहन में पकड़ा था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने में खड़ा करा दिया था। रातभर छुड़वाने के प्रयास होते रहे जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है बालू के अवैध काले कारोबार में


सराय अकिल थाने में खड़ा बालू लदा ओवरलोड वाहन अब थाने से गायब है

लगे ट्रैक्टर ट्रॉली को किस दबाव में छोड़ दिया गया यह बड़ी जांच का विषय है अगर जिम्मेदार ने जाच कराई तो खाकी वर्दी कलंकित का धना दोहन में जुटी सराय अकिल थाना पुलिस पर गाज गिरना तय है।

### चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने वसूला जुमार्ना

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 177 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 07 वाहनों का चालान कर 3500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 03 व्यक्तियों से 300 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## विवाहिता ने सास ससुर पर पति को गायब करने का लगाया आरोप

**जिला अस्पताल के सामने एक निजी नर्सिंग होम में नौकरी करने वाले एक स्वास्थ्य कर्मी महिला ने अपने सास-ससुर और ससुराली जनों के खिलाफ पुलिस को दिया शिकायती पत्र**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल के सामने एक निजी नर्सिंग होम में नौकरी करने वाले एक स्वास्थ्य कर्मी महिला ने अपने सास-ससुर और ससुराली जनों पर पति को गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है बताते चलें कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव निवासी मिश्रीलाल की बेटी प्रतिमा देवी मंझनपुर के दिनेश चौधरी से प्रेम करती थी 6 वर्ष तक गुपचुप मिलने के बाद दोनों ने 13 अप्रैल 2020 को कोर्ट मैरिज के द्वारा शादी कर दाम्पत्य जीवन में बंध गए दोनों की शादी होने के बाद यह बात युवक के परिजनों को ठीक नहीं लगी उन्होंने दहेज की मांग करना शुरू कर दिया आरोप है कि प्रेम विवाह करने के बाद 15 लाख रुपए मायके पक्ष से दहेज की मांग की जा रही है और दहेज न मिलने पर आए दिन विवाहिता प्रतिमा का उत्पीड़न किया जाने लगा विवाहिता ने सास ससुर और उनके भाइयों पर आरोप लगाया है कि उसके पति दिनेश चौधरी को गायब कर दिया गया है विवाहिता को किसी अनहोनी की आशंका है विवाहिता ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पति को खोजने और दहेज लोभी सास-ससुर और उनके भाइयों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

संपादक की कलम से

# स्वामी का जाना

-सिद्वार्थ शंकर-

**उत्तर** प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को योगी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर और भाजपा छोड? का एलान करके बड़ी सियासी हलचल मचा दी। अपने इस्तीफे के बाद जिस तरह से उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की उससे कयास यही लगे कि उन्होंने सपा ज्वाइन कर ली है। मगर अब उन्होंने कहा है कि वे 14 जनवरी को सपा में शामिल होंगे। मौर्य ने दावा किया है कि उनके साथ करीब 15 विधायक और भी जा सकते हैं। अब तक जा रहा था कि भाजपा डैमेज कंट्रोल और उन्हें मनाने में लगी है। मगर अब आलाकमान ने इस संभावना को खारिज कर इस टूट को टालने में जुट गई है तो वहीं सपा को भी बड़ा झटका देने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश में चुनाव से ठीक पहले पालाबदल शुरू हो चुका है। विधायकों से लेकर तमाम नेता एक महीने से पार्टियां बदलने में जुटे हैं। 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति के मौके पर या फिर उसके बाद किसी भी दिन भाजपा सपा के कुछ विधायकों को पार्टी में शामिल करा सकती है। सियासी हलकों में इन नामों की जोर-शोर से चर्चा भी हो रही है। इनमें से कई तो ब्राह्मण नेता हैं, जिनकी मदद से अखिलेश यादव बिरादरी को लुभाने की कोशिश में जुटे रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो यह सपा के खिलाफ भाजपा की काउंटर स्ट्रेटेजी होगी, जिसके जरिए वह स्वामी प्रसाद एवं अन्य नेताओं की टूट की काट करेगी। खासतौर पर ब्राह्मण नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा यह संदेश देना चाहेगी कि बिरादरी की नाराजगी का जो नैरेटिव उसके खिलाफ चलाया जा रहा है, वह सही नहीं है। इनमें से एक नेता के तौर पर मनोज पांडेय का भी नाम लिया जा रहा है, जो रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। कहा यह भी जा रहा है कि इस सीट से बेटे को टिकट दिलाने की मांग पूरी न होने पर ही स्वामी प्रसाद ने भाजपा को झटका दिया है। दरअसल ऊंचाहार सीट से स्वामी के बेटे उत्कृष्ट मौर्य पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं और सपा के मनोज पांडेय के मुकाबले हार गए थे। इस बार भाजपा किसी और नेता को उतारने की तैयारी में है।

# कितने चुनौतीपूर्ण होंगे कोरोना काल में चुनाव

-आर.के. सिन्हा-

**कोराना** काल के बाद पहले चुनाव तो बिहार विधानसभा के लिये नवंबर-दिसंबर 2020 में ही हुए थे। उन चुनावों को आयोजित करने के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पीठ भी थपथपाई थी।

उसके बाद देश ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव भी देख लिए। वहां आठ चरणों में हुए चुनाव मार्च- अप्रैल 2021 में हुए थे। तब कोरोना की दूसरी लहर से देश जूझ रहा था। अब चुनाव आयोग ने पांच राज्यों गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर और उत्तराखंड विधान सभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी है। इन चुनावों के बाद देश को 690 नए विधायक और लगभग बीस नए राज्य सभा सदस्य मिलेंगे। इन विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया में लगभग दो महीने का वक्त लगेगा। इसमें साढ़े 18 करोड़ के आसपास मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल मिलाकर बड़े स्तर पर होंगे ये विधानसभा चुनाव।

हालांकि आशंका थी कि कोरोना की तीसरी लहर के चलते चुनाव प्रक्रिया शायद टल जाएगी, पर हालात का सघन जायजा लेने के बाद चुनाव आयोग इस नतीजे पर पहुंचा है कि चुनाव संपन्न कराए जाएँगे। वैसे भी चुनाव टालना इतना आसान नहीं है। आचार संहिता लागू होते ही विभिन्न जिलों में प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र स्तर तक पोस्टर और होर्डिंग्स हटवाने का काम तेज



कर दिया है। अब राजनीतिक पार्टियों के लिए कोरोना संक्रमण के बीच हर दरवाजे तक पहुंचना एक बड़ी चुनौती होगी। पंचायत, नगर निगम और विधानसभा चुनावों में तो उम्मीदवार लगभग घर-घर जाते रहे हैं। अब विधानसभा क्षेत्र में यह उम्मीद करना सही नहीं होगा। जब वैश्विक महामारी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है तो चुनावों का चेहरा- मोहरा तो बदलेगा ही।

अब तो चुनाव इस तरह से कराना होगा ताकि महामारी का असर न के बराबर ही हो। ये जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है कि वह चुनावों को सफलतापूर्वक तरीके से सम्पन्न करवा ले। इसके लिए राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर कार्यकताओं को भी सक्रिय होना होगा। मतदाताओं को भी लोकतंत्र के पर्व को संपन्न करवाने की बाबत मतदान की आहुति तो देनी ही होगी।

खैर, सबको पता है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है। कोरोना की तीसरी लहर के डर और भय के बीच दो बातों से संतोष हो सकता है। पहला, जिन राज्यों में चुनाव हो रहा है वहां पर लगभग सबको कोरोना का कम से कम एक टीका लग चुका है। यह स्थिति तब नहीं थी जब बिहार या पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए थे। पंजाब में टीकाकरण की रफ्तार धीमी अवश्य रही है। सबको पता है कि कोरोना से बचने का एक मात्र तरीका यही है कि इसका टीका जल्द लगवा लिया जाए। मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग तो हैं ही।

दूसरी बात यह है कि इन चुनावों में सभी राजनीतिक दल अपने मतदाताओं के पास आभासी दुनिया के मार्फत भी पहुंचना होगा। वे वर्चुअल रैलियों पर ही ज्यादा जोर देंगे। इस तरह से भीड़ से बचा जा सकेगा। भारतीय जनता पार्टी इंटरनेट के विभिन्न माध्यमों पर काफी सशक्त है। ट्विटर, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर उसके फालोवरों की संख्या बहुत बड़ी है जो लगातार बढ़ रही है । वाट्सएप ग्रुपों का भी उसका व्यापक संजाल है। ऐसे में वह जब चाहे वर्चुअल मोड में सभा कर सकती है। बाकी दल भी सोशल मीडिया के महत्व को समझते हैं। चूंकि चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख खर्च की सीमा तय हो चुकी है, ऐसे में विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों को बहुत-सोच समझकर ही काम करना पड़ेगा, क्योंकि इस तकनीकी के युग में एक-एक पैसे का हिसाब रखना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल काम नहीं है। हालांकि सभी राजनीतिक पार्टियां दागी नेताओं से दूरी बनाने की बात तो कह रही हैं, लेकिन हर पार्टी को जिताऊ प्रत्याशी की भी जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश समेत सभी चार अन्य सूबों में किला फतेह करने की हर चंद कोशिश कर रही है। वह इस बाबत कसकर मेहनत भी कर रही है। फिलहाल वह अन्य दलों से मैदान में आगे नजर आ रही है। भाजपा ने विपक्ष के हाथ से लगभग सारे मुद्दे छीन लिए हैं। विभिन्न पार्टियों की चुनावी घोषणाओं के अलावा समग्रता में बात करें तो भाजपा जीवन को प्रभावित करने वाले लगभग सभी क्षेत्रों में कदम बढ़ा रही है। चाहे वह क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की बात हो अथवा विभिन्न जातियों, वर्गों को अपने पक्ष में करने की या फिर धार्मिक भावना को भुनाने की। पार्टी के तमाम बड़े नेता इस समय फील्ड में ही नजर आ रहे हैं।

समाजवादी पार्टी सिर्फ उत्तर प्रदेश में सीमित है। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में चौथे नंबर की पार्टी बनने के लिए ही लड़ रही है। उसके लिए देश के इतने खास राज्य में अब कोई सम्मानजनक स्थान नहीं बचा है। हालांकि गांधी परिवार अपने को उत्तर प्रदेश वाला ही बताता है। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब और उत्तराखंड में नजर आ रही है। वह भी उत्तर प्रदेश में कहीं नहीं है। तो बहुत साफ है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा सभी पांच राज्यों में अपनी सरकार बनाने की कोशिश में जुटेगी। हालांकि विभिन्न दल उसे चुनौती तो देंगे ही खासकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी और उत्तराखंड और पंजाब में कांग्रेस और आप।

आगामी विधानसभा चुनाव में सारे देश को पंजाब के हालात पर नजर रखनी होगी। वहां लगातार स्थितियां प्रतिकूल बनी हुई हैं। किसान आंदोलन की आड़ में देश विरोधी तत्व खुलकर सामने आ रहे हैं।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रेरणा

-डॉ. दिलीप अग्निहोत्री-

**भारतीय** चिंतन व संस्कृति में मानव कल्याण की कामना की गई। इसमें कभी संकुचित विचारों को महत्व नहीं दिया गया। समय-समय पर अनेक संन्यासियों व संतों ने इस संस्कृति के मूल भाव का सन्देश दिया।

सभी ने समरसता के अनुरूप आचरण को अपरिहार्य बताया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वाभिमान पर भी बल दिया गया। भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विचार व क्षेत्र व्यापक रहा है। राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। तब उसके विचार पर दुनिया ध्यान देती है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्रसंघ में किया था। इस प्रस्ताव को न्यूनतम समय में सर्वाधिक देशों का समर्थन मिला था। भारत ने कभी अपने मत पर प्रचार तलवार के बल पर नहीं किया। देश में इसी विचार के जागरण की आवश्यकता है।अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है। स्वामी विवेकानन्द ने ऐसे ही राष्ट्रीय स्वाभिमान के जागरण का विचार दिया था। उन्होंने परतंत्र भारत को राष्ट्रीय गौरव का स्मरण दिलाया था। इसके माध्यम से उन्होंने न समर्थ भारत का स्वप्न देखा था। वह मानते थे कि विश्वगुरु होने की क्षमता केवल भारत के पास है। इस तथ्य का विस्मरण नहीं होना चाहिए।

उन्होंने दुनिया को भारत की शाश्वत और मानवतावादी संस्कृति का ज्ञान दिया। विश्व ने विस्मय के साथ उनको सुना। उन्होंने पश्चिमी देशों को बता दिया कि भारत राजनीतिक रूप से परतंत्र हो सकता है, लेकिन विश्व गुरु को सांस्कृतिक रूप से कभी गुलाम नहीं बनाया जा सकता। स्वामी विवेकानन्द के प्रत्येक ध्येय वाक्य भारतीय संस्कृति उद्घोष करने वाले है। उनसे संबंधित समारोह उत्सव से विचारों की प्रेरणा मिलती है। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। जिस प्रकार पावर हाउस से विद्युत का प्रवाह होता है और अंधेरे में रोशनी फैलती है। उसी प्रकार विवेकानन्द का स्मरण वैचारिक ऊर्जा का संचार करता है,जिससे अज्ञानता का अंधकार दूर हो जाता है। उन्होंने विश्व में भारत की सांस्कृतिक पताका फैलाई थी। दुनिया को भारत की शाश्वत और मानवतावादी संस्कृति का ज्ञान दिया। विश्व ने विस्मय के साथ उनको सुना। उन्होंने पश्चिमी देशों को बता दिया कि भारत राजनीतिक रूप से परतंत्र हो सकता है, लेकिन विश्व गुरु को सांस्कृतिक रूप से कभी गुलाम नहीं बनाया जा सकता। विश्व और मानवता का कल्याण भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से ही हो सकता है।

विवेकानंद जी सच्चे महापुरुष थे। उनका कोई आलोचक नहीं हुआ। उन्होंने भारतीय संस्कृति की ध्वज पताका विश्व में फहराई। भारत के बारे में कहा जाता है कि ये अनेकता में एकता का देश है, यहां अलग खानपान, पहनावा अलग है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे आयोजनों से ये अनेकता एकता में बदल जाती है। सरकार ने प्रयागराज कुम्भ का सफल आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश की जनसंख्या से अधिक लोग सहभागी हुए थे। देश-विदेश से करीब पच्चीस करोड़ लोग संगम स्नान हेतु आये थे। अपने पूर्वजों, सांस्कृतिक परम्पराओं पर गौरव की अनिभूति होनी चाहिए। भारत राष्ट्र बनने की प्रक्रिया कभी नहीं रहा। यह शाश्वत रचना है।इसका उल्लेख विश्व के सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद में भी है। इसमें कहा गया कि भारत हमारी माता है हम सब इसके पुत्र है। राष्ट्र की उन्नति प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जो लोग भारत को नही जानते वो लोग भारत के बारे में गलत बात षड्यंत्र करके भारत को नक्सलवाद, उग्रवाद आतंकवाद में धकेलने का प्रयास करते है। विष्णु पुराण में कहा गया कि यह भूभाग देवताओं के द्वारा रची गयी है।

उत्तर प्रदेश के मेरठ और हाथरस से स्वामीजी का जुड़ाव रहा है। मेरठ में विवेकानन्द किराए के मकान में अखण्डानन्द के साथ रहते थे। पुस्तकालय से प्रतिदिन किताब लाते फिर लौटा देते थे। पांच दिन तक यह क्रम चला। एक दिन लाइब्रेरियन ने पूछ लिया कि किताबों का करते क्या हो। स्वामी विवेकानन्द ने सभी किताबों की विस्तृत जानकारी दे दी। हाथरस में स्टेशन की बेंच पर स्वामी विवेकानन्द बैठे थे। स्टेशन मास्टर उन्हें घर ले गए। वह तीन दिन से ज्यादा रुकते नहीं थे। स्टेशन मास्टर इतने प्रभावित हुए कि उनके शिष्य बन गए। स्वामी जी ने उन्हें कुलियों के यहां से भिक्षा लाने को कहा। आगे चलकर वह स्टेशन मास्टर स्वामी सदानन्द बने। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के मेरठ और हाथरस से स्वामी विवेकानन्द की स्मृति जुड़ी है।

स्वामी विवेकानन्द ने देश व दुनिया में लोगों को नई सोच और नई दिशा दी। उन्होंने देशवासियों में स्वाभिमान व राष्ट्रीय चेतना का संचार किया तथा भारतीय वेदांत दर्शन और अध्यात्म पर सारे विश्व के सामने अपने विचार रखे। वह ऐसे समाज की कल्पना करते थे, जिसमें धर्म या जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो। स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में आयोजित विश्व धर्म परिषद में जो व्याख्यान दिया उससे पूरे विश्व में भारत एवं भारतीयता की एक छवि बनी थी। उस समय उनकी अवस्था मात्र तीस वर्ष थी। भारत उस समय गुलाम था। विश्व में भारतीयों को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता था।

# लव जिहाद, धर्म, मजहब, रिलिजन और शिवराज सरकार

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी-

**मध्य** प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम-2021 मार्च 2021 में तत्काल प्रभाव से राज्य में लागू कर दिया गया था। शिवराज सरकार से बहुसंख्यक समाज जो इस प्रकार के कानून बनाने की मांग लम्बे समय से कर रहा था, उनकी कल्पना यही थी कि प्रदेश में इस अधिनियम के लागू होते ही 'लव जिहाद' स्वतः समाप्त हो जाएगा। जो वास्तविक प्रेमी होगा, वह अपने असली स्वरूप और जो कोई भी झूठा होगा वह छद्म वेश में किसी के साथ छल नहीं करेगा। किंतु यह जानकर आश्चर्य होता है कि 'लव जिहाद' कानून के प्रभावी होने के पहले दिन से लेकर आगे के 23 दिनों में 23 प्रकरण थानों में दर्ज हुए थे। उसके बाद से अब तक प्रदेश में 65 एफआईआर दर्ज होने के साथ ही 55 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। धोखेबाज अपनी पहचान फिर भी छिपाकर लव जिहाद कर रहे हैं। पूरे एक वर्ष में 107 आरोपित हुए हैं, जिनमें 78 मुस्लिम और 29 क्रिश्चियन के साथ अन्य आरोपी भी हैं। देश तो बहुत बड़ा है, अकेले मध्य प्रदेश राज्य के आंकड़े यह हैं कि दीन की आड़ में औरत को दोजख में भेजने वाले 35 से ज्यादा लव-जिहादी जमानत पर जेल से बाहर घूम रहे हैं। पुलिस फिलहाल 36 मामलों में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है और 29 मामलों की विवेचना जारी है। बड़े शहरों की




यहां बात की जाए तो इंदौर पहले स्थान पर और भोपाल दूसरे स्थान पर है, जहां हिन्दू लड़कियों को पहचान छिपाकर प्यार के नाटक में फंसाया गया है। कहा जा सकता है कि 'लव जिहाद' पर सख्त कानून बनने के बाद भी यहां कहानियां अनेक हैं, हर स्त्री को मजहब ने धर्म के नाम पर ठगा, कुछ प्रकरण ऐसे भी हैं, जहां रिलिजन ने धर्म को अपना शिकार बनाया। यहां किसी की जिज्ञासा हो सकती है कि धर्म, मजहब, रिलिजन यह तो समानार्थी एक जैसा अर्थ रखने वाले शब्द हैं, फिर इस तरह की भाषा से लेखक क्या सिद्ध करना चाह रहा है ? वास्तव में यहां मंशा इतनी भर है कि भले ही भारतीय संविधान अथवा सुविधा की दृष्टि से भारतीय जन में अधिकांश लोग इन तीनों शब्दों को एक मानकर व्यवहार करते हों, लेकिन इसकी भिन्नता बहुत गहरी है, जो इन शब्दों के बोलने के साथ ही दिखाई देती है। मजहब का का अर्थ पंथ या सम्प्रदाय से है जो मुस्लिम पंथ को दशार्ता है। उसी तरह रिलिजन का समानार्थी रूप विश्वास, आस्था या मत हो सकता है, लेकिन धर्म नहीं। इस ईसाई पंथ से भिन्न धर्म वह अनुशासित जीवन क्रम है, जिसमें लौकिक उन्नति (अविद्या) तथा आध्यात्मिक परमगति (विद्या) दोनों की प्राप्ति होती है। यतो ऽभ्युदयनिः श्रेयससिद्धिः स धर्मः। झ वैशेषिकसूत्र 1/1/2 जिससे यथार्थ उन्नति (आत्म बल) और परम् कल्याण (मोक्ष) की सिद्धि होती है, वह धर्म है। यहां ध्यान देनेवाली बात यह है कि मोक्ष की अवधारणा का सिद्धांत सिर्फ और सिर्फ वैदिक सनातन धर्म में ही मिलता है, अन्यत्र कहीं नहीं । श्रीमद्भगवत पुराण में सातवें स्कंध के 11वें अध्याय में श्लोक आठ से 12 तक में धर्म के 30 लक्षण बताए गए हैं। याज्ञवल्क्य स्मृति में इसके नौ लक्षण गिनाए गए हैं। अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। दानं दमो दया शान्तिः सवेर्षां धर्मसाधनम्।झ याज्ञवल्क्य स्मृति 1/122, अर्थात अहिंसा, सत्य, चोरी न करना (अस्तेय), शौच (स्वच्छता), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को वश में रखना), दान, संयम (दम), दया एवं शान्ति। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं-धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। झ मनुस्मृति 6/52 । अर्थात धृति यानी धैर्य, क्षमा के अर्थ में दूसरों के द्वारा किए गए अपराध को माफ कर देना, दम का मतलब अपनी वासनाओं पर नियन्त्रण करना, अस्तेय का अर्थ चोरी न करना, शौच का मतलब है आंतरिक और बहारी शुचिता, इन्द्रिय निग्रहः इन्द्रियों को वश में रखना), धी (बुद्धिमत्ता का प्रयोग)।

# प्रकाश प्रेरणा का महापर्व मकर संक्रांति

-कंचन शर्मा-

**ह्यतमसो** मा ज्योतिर्गमयह्ल का उदघोष करने वाली भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति का विशेष महत्त्व है। यह पर्व मुख्यतः सूर्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि छोड़कर मकर राशि में प्रवेश अथवा विस्थापन करते हैं। सूर्य की इसी संक्रमण की क्रिया के कारण इस पर्व को मकर संक्रांति कहा गया है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से अपनी दिशा बदलकर उत्तरायण हो जाते हैं। इसी कारण मकर संक्रांति को उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व से दिन लंबे व रातें छोटी होना शुरू हो जाती हैं। हमारा देश यूं भी पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, इसलिए इस पर्व का हमारे लिए और भी अधिक महत्त्व बढ़ जाता है। यही नहीं विश्व की 90 फीसदी आबादी उत्तरी गोलार्द्ध में ही स्थित है। यही वजह है कि यह दिन संपूर्ण विश्व के लिए सकारात्मकता, ऊर्जा, उत्साह, नवजीवन व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिए विशेष महत्त्व रखता है। संपूर्ण विश्व के सभी उत्सवों में संभवतः मकर संक्रांति ही एक ऐसा उत्सव है जो बिना किसी स्थानीय परंपरा, मान्यता




या विश्वास से संबंधित नहीं, अपितु यह एक खगोलीय घटना है जो वैश्विक भूगोल व संपूर्ण जीवन प्रणाली यानी मनुष्य, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों को आनंद देने वाला है। संभवतः यही एक ऐसा त्योहार है जो अंग्रेजी कैलेंडर के एक ही दिन 14 जनवरी को आता है। विश्व बंधुत्व, विश्व कल्याण और ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनःह्ल की उदात्त भावना केवल भारतीय संस्कृति की विशेषता है और इस नाते हर पर्व की तरह यह पर्व भी हर्षोल्लास के साथ देश में भिन्न-भिन्न रूपों में मनाया जाता है। विभिन्नता में एकता लिए हमारे देश में इस पर्व में भी विविधता है। उत्तर भारत में लोहड़ी, मध्य भारत में संक्रांति, असम में बिहू, दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। बहुत से क्षेत्रों में इसे उत्तरायण, खिचड़ी, माघी आदि के नामों से भी जाना जाता है। भारत के साथ नेपाल में भी इस पर्व को नई फसलों के आगमन की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन किसान नई फसल से बने भोग ईश्वर को चढ़ाकर उसके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

मकर संक्रांति का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्त्व भी है। कहते हैं कि इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी। इसी दिन गंगा नदी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर पहुंची थी। इस दिन गंगा सागर में स्नान का बड़ा महत्त्व है।

# प्रेम एवं भाईचारे की मिसाल कायम करता पर्व

-योगेश कुमार गोयल-

**उत्तर** भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आह्वान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें।

# क्या होगा अगला ट्रंप कार्ड

-पी. के. खुराना-

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। इस संदर्भ में यह याद करना समीचीन होगा कि नीतीश कुमार जब एनडीए का हिस्सा नहीं थे और विपक्षी मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि विपक्ष को अपना नैरेटिव बनाना चाहिए ताकि मोदी का मुकाबला संभव हो सके। विपक्ष को उनकी बात का मर्म समझ में नहीं आया। कांग्रेस ने समझा भी तो मोदी के मुकाबले में राहुल गांधी की छवि एक ऐसे अपरिपक्व व्यक्ति की बन गई जिस पर पप्पू का ठप्पू लग गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीतने के बाद अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री बनने की जल्दबाजी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी छवि बिगाड़ ली और उन्हें भगोड़ा करार दे दिया गया। इस प्रकार सन् 2014 के चुनाव में मोदी के सामने कोई ऐसा उम्मीदवार बचा ही नहीं जिस पर जनता विश्वास कर पाती। तब मोदी का नारा विकास का था, सबको साथ लेकर चलने का था। जनता कांग्रेस के भ्रष्ट और निकम्मे शासन से तंग थी और उसे विकास चाहिए था।

प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने विकास पर ध्यान दिया, अंतरराष्ट्रीय जगत में अपनी और भारत की छवि पर फोकस किया और देश के भीतर अपनी छवि चमकाने के लिए लगभग हर रोज किसी नई योजना की घोषणा की। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी छवि तेजी से काम करने वाले निर्णायक नेता की थी ही। प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी यह छवि और भी मजबूत हुई। इस सबके साथ उन्होंने कुछ और काम भी किए जिन्हें समझे बिना आज के हालात का विश्लेषण संभव नहीं है। सन् 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान ही पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को बदलवा कर और ह्यअबकी बार भाजपा सरकारह्ल की जगह ह्यअबकी बार मोदी सरकारह्ल का नारा देकर उन्होंने अपने इरादों की झलक तो दे ही दी थी, प्रधानमंत्री बनते ही मोदी ने पार्टी में अपने विरोधियों को उनकी औकात दिखा दी। मार्गदर्शन मंडल की घोषणा और आडवाणी की लगातार किरकिरी आदि तरीकों से उन्होंने पार्टीजनों को स्पष्ट संदेश दिया कि शक्ति का केंद्र सिर्फ वे ही हैं। उन्होंने बड़ी चतुराई से पार्टी को मिलने वाले फंड का केंद्रीयकरण करके क्षेत्रीय क्षत्रपों को नकारा कर दिया। अमित शाह को पार्टी का अध्यक्ष बनवा कर उन्होंने एक और महत्त्वपूर्ण जीत हासिल की और पूरी पार्टी उनके कब्जे में आ गई। विपक्षी नेताओं के विरुद्ध योजनाबद्ध अभियान चला। सच और झूठ के घालमेल से सोशल मीडिया पर प्रचार आज तक जारी है। विरोधी दलों के नेताओं पर छापे डालकर उनके भ्रष्टाचार का प्रचार किया और छापे डालने का समय भी चुनाव अथवा किसी महती योजना के साथ जोड़ा ताकि जनता को लगे कि सिर्फ विपक्ष ही भ्रष्ट है। यह रणनीति भी आज तक जारी है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह पर तो छापा उनकी बेटी की शादी वाले दिन डाला गया। विपक्ष को मिलने वाले फंड पर रोक के लिए उन्होंने चुनावी बांड की नींव रखी जिससे कार्पोरेट कंपनियां भी उनके काबू में आ गईं। सन् 2014 तक मीडिया की छवि बाहुबली सरीखी थी जो सरकारें बना भी सकता है और गिरा भी सकता है। मीडिया पर लगाम लगाकर मोदी ने मीडियाकर्मियों में ही मीडिया की इस छवि को चकनाचूर कर दिया।

साम, दाम, दंड, भेद के प्रयोग से एक तरफ उन्होंने मीडिया में अपने भक्त बनाए तो दूसरी तरफ विरोध करने वाले पत्रकारों की छवि धूमिल करने का अभियान चलाया। मोदी ने पहली बार मीडिया से विपक्षी दलों का-सा व्यवहार किया। विज्ञापन के अभाव में मीडिया की स्वतंत्रता और जीवन दोनों खतरे में पड़ जाते हैं। सरकारी विज्ञापन तो सरकार के हाथ में हैं ही, बड़े कार्पोरेट घरानों को भी आगाह कर दिया गया कि मोदी का विरोध करने वाले मीडिया घरानों को विज्ञापन न दिए जाएं। आखिरकार मीडिया घरानों को समझ आ गया कि जीवित रहना है तो सरकारी पानी में मगर से बैर नहीं चलेगा। मीडिया पर अपनी निर्भरता खत्म करने के लिए मोदी ने विद्वानों और कार्यकताओं की एक स्थायी टीम तैयार की जो कहानियां गढ़-गढ़कर मोदी की छवि चमकाता है और विपक्षी नेताओं का चरित्र-हनन करता है।

# भारत के हाथों हार के बावजूद आस्ट्रेलियाई कप्तान को अच्छे प्रदर्शन का यकीन

**जॉर्जटाउन।** भारत के हाथों अंडर 19 विश्व कप के अभ्यास मैच में शर्मनाक हार के बावजूद आस्ट्रेलिया के कप्तान कूपर कोनोली को यकीन है कि उनकी टीम टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। टूनार्मेंट 14 जनवरी से पांच फरवरी तक वेस्टइंडीज में खेला जायेगा। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को अभ्यास मैच में नौ विकेट से हराया।

दो साल पहले अपनी मेजबानी में टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची आस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे कोनोली ने कहा, हमारी तैयारी अच्छी है ।भारत के खिलाफ हार खतरे की घंटी रही लेकिन हम पहले मैच के लिये अच्छी तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमें वेस्टइंडीज को हराकर अच्छी शुरूआत करनी होगी। पिछले विश्व कप से ही हमारा लक्ष्य इस टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन का रहा है। गत चैम्पियन बांग्लादेश ने अभ्यास मैच में जिम्बाब्वे को हराया। अब उन्हें रविवार को इंग्लैंड से ग्रुप ए का पहला मैच खेलना है।

कप्तान रकीबुल हसन ने कहा, न्यूजीलैंड में हमारी सीनियर टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे हमें प्रेरणा मिलेगी। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पाकिस्तान के कप्तान कासिम अकरम ने भी कहा, हमारी सीनियर टीम ने यूएई में टी20 विश्व कप में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे हमें प्रेरणा मिली है। यहां की पिचें कराची जैसी ही है जिनसे टर्न मिलेगा और हमें यहां के अनुरूप खुद को ढालने में मदद भी मिलेगी।

# चीनी ताइपै एशियाई कप के लिये पहुंचने वाली पहली टीम, भारतीय टीम की उड़ान में विलंब

**मुंबई।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर आशंकाओं के बीच चीनी ताइपै की टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल के लिये यहां पहुंचने वाली पहली टीम बन गई जबकि भारतीय टीम की कोच्चि से उड़ान में विलंब हो गया। भारतीय टीम ब्राजील दौरे के बाद से कोच्चि में अभ्यास शिविर में है। उसकी उड़ान में विलंब होने से शाम का मीडिया सत्र स्थगित कर दिया गया है। भारत को ईरान (20 जनवरी), चीनी ताइपै (23 जनवरी) और चीन ( 26 जनवरी ) से खेलना है। भारत 1980 के बाद पहली बार टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा हे और इसके जरिये उसकी नजरें 2023 फीफा विश्व कप में जगह बनाने पर है। टूनार्मेंट के मेजबानों में पुणे के बाहर स्थित बालेवाड़ी खेल परिसर भी है जहां 2008 राष्ट्रमंडल युवा खेल समेत कई बड़े टूनार्मेंटों का आयोजन हुआ है।

# सिलिच सेमीफाइनल में, कोको गॉ अंतिम चार में

**सिडनी।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच ने अमेरिका के टॉमी पॉल को 6.4, 2.6, 6.3 से हराकर दूसरे एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। चौथी वरीयता प्राप्त सिलिच ने इस साल पांच मैचों में से चार जीते और पिछले सप्ताह पहले एडीलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंचे थे जिसमें उन्हें रूस के कारेन खाचानोव ने हराया।

उन्होंने अंतिम आठ में जाउमे मुनार को हराया था। महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉ ने क्रोएशिया की अन्ना कोंजु को 6.3, 6.4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। सिडनी टेनिस क्लासिक में चौथी वरीयता प्राप्त एस्तोनिया की एनेट कोंटावेट ने ट्यूनीशिया की ओंस जबाउर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का पहला सेट जीत लिया था जब कमर में चोट के कारण जबाउर को कोर्ट छोड़ना पड़ा। अब कोंटावेट का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेइसिकोवा से होगा जिसने फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6.0, 6.2 से मात दी। पुरूष वर्गमें शीर्ष वरीयता प्राप्त असलान कारात्सेव ने पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो सोनेगो को 6.2, 3.6, 6.2 से हराया।

# जोकोविच को लेकर अनिश्चितता के बीच आस्ट्रेलियाई ओपन ड्रॉ स्थगित

**मेलबर्न।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच के खेलने को लेकर अनिश्चितता के बीच आस्ट्रेलियाई ओपन का ड्रॉ बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया। इस साल के पहले ग्रैंडस्लैम के लिये महिला और पुरूष वर्ग के ड्रॉ स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे निकाले जाने थे लेकिन टूनार्मेंट अधिकारी ने बताया कि आगामी सूचना तक इसे टाल दिया गया है।उन्होंने आगे कोई जानकारी नहीं दी। आस्ट्रेलियाई ओपन सोमवार से शुरू हो रहा है। आस्ट्रेलियाई आव्रजन अधिकारी अभी इस पर विचार कर रहे हैं कि जनहित को ध्यान में रखकर क्या नौ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन जोकोविच को बाहर किया जाये जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। जोकोविच का पिछले सप्ताह मेलबर्न पहुंचने पर वीजा रद्द हो गया था चूंकि कोरोना टीकाकरण नियमों में मेडिकल छूट के लिये जरूरी मानदंडों पर वह खरे नहीं उतर रहे थे। उन्होंने बाद में कानूनी लड़ाई जीती और उनका वीजा बहाल हुआ। आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके अदालत के इस फैसले के खिलाफ अपने व्यक्तिगत अधिकार का प्रयोग करके वीजा रद्द करने पर विचार कर रहे हैं।

# एशेज : इंग्लैंड के कप्तान रूट ने अंतिम टेस्ट से पहले कोच सिल्वरवुड का समर्थन किया

**होबार्ट।** इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट से पहले आलोचना झेल रहे मुख्य कोच के रूप में क्रिस सिल्वरवुड को अपना समर्थन दिया है।

कोच सिलवरवुड कोविड संक्रमित होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए चौथे टेस्ट में सिडनी में मौजूद नहीं थे। वे क्वारंटीन में थे।

इंग्लैंड पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में एक भी मैच नहीं जीती है। चौथा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली है।

सिल्वरवुड ने पांचवे टेस्ट के लिए जोश में वापसी की है और टीम का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें आखिरी टेस्ट में जीत मिलने की उम्मीद है।

कप्तान ने कहा, सिल्वरवुड पांचवे टेस्ट में भी कोच की भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा, कोच टीम का हमेशा मनोबल बढ़ात हैं, वे हमे मैच में अच्छा करने के लिए बोलते हैं। आखिरी मैच में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उम्मीद है कि मैच का अंच जीत के साथ होगा।

# इंडिया ओपन : सात खिलाड़ियों ने कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के बाद नाम वापिस लिया

**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट पर भी कोरोना महामारी का साया पड़ गया है और सात भारतीय खिलाड़ियों ने कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद नाम वापिस ले लिया। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने एक बयान में कहा, मंगलवार को कराये गए अनिवार्य आरटी पीसीआर टेस्ट में ये खिलाड़ी पॉजिटिव पाये गए हैं। इन सात खिलाड़ियों के युगल जोड़ीदारों ने भी करीबी संपर्क में आने के कारण नाम वापिस ले लिया। इसमें कहा गया, मुख्य ड्रॉ में इन खिलाड़ियों की जगह किसी और को शामिल नहीं किया जायेगा। इनके विरोधियों को वॉकओवर मिल जायेगा। बीडब्ल्यूएफ ने तड़के इसका खुलासा किया लेकिन खिलाड़ियों के नाम नहीं बताये।

# पांचवें एशेज टेस्ट में हैरिस बाहर, आस्ट्रेलिया के लिये ख्वाजा करेंगे पारी का आगाज

**होबार्ट।** पांचवें एशेज टेस्ट के लिये मार्कस हैरिस को आस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं मिली है और उनकी जगह उस्मान ख्वाजा अब डेविड वॉर्नर के साथ पारी का आगाज करेंगे। दिन रात का टेस्ट शुक्रवार से होबार्ट में शुरू होगा। आस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन, एडीलेड और मेलबर्न में पहले तीन टेस्ट जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है जबकि सिडनी में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा।

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने हैरिस के बाहर होने की पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड फिटनेस टेस्ट में खरे उतरने पर ही खेल सकेंगे। बोलैंड की पसली में सिडनी टेस्ट के दौरान चोट लगी थी।

उनके नहीं खेलने पर झाय रिचर्डसन या माइकल नेसेर को टीम में रखा जा सकता है।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला टीम के लिए की मुख्य संभावित समूह की घोषणा



**नई दिल्ली,।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को सीनियर महिला टीम के लिए 33 खिलाड़ियों के मुख्य संभावित समूह की घोषणा की जो इस साल प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट खेलेगी।

साई, बेंगलुरु में आयोजित चयन परीक्षणों के समूह का चयन किया गया है। जिन्हें विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर बुलाया गया था। 33 खिलाड़ियों के इस समूह में से चयनित 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम आगामी महिला हॉकी एशिया कप के लिए मस्कट, ओमान की यात्रा करेगी, जबकि कोर ग्रुप के शेष खिलाड़ी शिविर में रहेंगे और अगले महीने भुवनेश्वर, ओडिशा में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

समूह चयन को लेकर भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, "यह हमारे लिए नए सिरे से शुरूआत करने और भविष्य की योजना बनाने का समय है। हम टोक्यो में अपने अनुभवों के साथ पिछले एक साल में विकसित हुए हैं और हमें इसे जारी रखना चाहिए। आगामी शिविर हमारे लिए उन खिलाड़ियों को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है जो सबसे बड़े चरणों में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं और उन क्षेत्रों पर भी काम करने के लिए जहां हमें सुधार करने की आवश्यकता है।"

**33 खिलाड़ियों का मुख्य संभावित समूह-**

सविता, रजनी एतिमारपु, बिच्छू देवी खरीबाम, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, सुमन देवी थौडम, अक्षता अबसो ढेकाले, महिमा चौधरी, रश्मिता मिंज, निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, नमिता टोप्पो, मारियाना कुजुर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, उपासना सिंह, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, राजविंदर कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, प्रीति दुबे, ऐश्वर्या राजेश चव्हाण।

# जोकोविच ने स्वीकार किया कि यात्रा विवरण में गलत सूचना थी

**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच ने स्वीकार किया है कि उनके आस्ट्रेलिया यात्रा विवरण पत्र में गलत सूचना थी। इस बीच आस्ट्रेलिया सरकार इस पर फैसला लेगी कि कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण जनहित आधार पर सर्बिया के इस टेनिस स्टार को निष्कासित किया जाये या नहीं।

जोकोविच का पिछले सप्ताह मेलबर्न पहुंचने पर वीजा रद्द हो गया था चूंकि वह कोरोना टीकाकरण नियमों में मेडिकल छूट के लिये जरूरी मानदंडों पर खरे नहीं उतरे। कानूनी लड़ाई जीतने के बाद हालांकि उनका वीजा बहाल हो गया। इसके बावजूद उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य कारणों से फिर निष्कासित किया जा सकता है बशर्ते आस्ट्रेलिया के आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करें।

# श्रीकांत, 6 अन्य कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद इंडिया ओपन से बाहर



**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गया है जब विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत समेत सात भारतीय खिलाड़ियों ने पॉजिटिव पाये जाने के बाद नाम वापिस ले लिया। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने तड़के इसकी घोषणा की जिसके बाद भारतीय बैडमिंटन महासंघ ने नामों का खुलासा किया।

श्रीकांत के अलावा अश्विनी पोनप्पा, रितिका राहुल ठकार, त्रिशा जॉली, मिथुन मंजूनाथ, सिमरन अमन सिंह और खुशी गुप्ता भी संक्रमित पाये गए हैं। बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, ये खिलाड़ी बृहस्पतिवार को हुए अनिवार्य आरटी पीसीआर टेस्ट में दोषी पाये गए। इनके युगल जोड़ीदारों ने भी करीबी संपर्क में रहने के कारण नाम वापिस ले लिया।

इसमें कहा गया, इनकी जगह दूसरे खिलाड़ियों को मुख्य ड्रॉ में शामिल नहीं किया जायेगा। इनके विरोधियों को अगले दौर में वॉकओवर मिलेगा। एन सिक्की रेड्डी, ध्रुव कपिला, गायत्री गोपीचंद, अक्षन शेट्टी और काव्या गुप्ता को भी टूनार्मेंट से नाम वापिस लेना पड़ा हालांकि वे पॉजिटिव नहीं थे लेकिन करीबी संपर्क में थे। सिक्की महिला युगल में अश्विनी की जोड़ीदार है जबकि ध्रुव मिश्रित युगल में सिक्की के साथ खेलते हैं।अक्षन और सिमरन मिश्रित युगल जोड़ीदार हैं लबकि काव्या और खुशी महिला युगल जोड़ीदार हैं।

इससे पहले 2019 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत, युगल विशेषज्ञ मनु अत्री और ध्रुव रावत ने दिल्ली रवाना होने से पहले संक्रमित होने के कारण नाम वापिस ले लिया था।

इंग्लैंड के पूरे दल ने युगल विशेषज्ञ सीन वेंडी और कोच नाथन राबर्टसन के पॉजिटिव पाये जाने के बाद नाम वापिस ले लिया था। भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 2022 इंडिया ओपन इंदिरा गांधी स्टेडियम में दर्शकों के बिना केडी जाधव इंडोर हॉल में खेला जा रहा है। कोरोना प्रोटोकॉल के तहत सभी प्रतियोगी खिलाड़ियों की रोज जांच हो रही है।

# एक टीम के रूप में खिताब जीतने को लेकर हम आश्वस्त : अकीम अगस्टे




**जॉर्ज टाउन।** आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप 2022 की पहली बार मेजबानी कर रहे वेस्टइंडीज के कप्तान अकीम अगस्टे का मानना है कि इस बार उनकी टीम यह खिताब जीत सकती है।

वेस्टइंडीज के मेजबानी में हो रहे अंडर-19 विश्व कप के 14वें संस्करण में दुनियाभर की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। वेस्टइंडीज की टीम आज अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

आईसीसी विज्ञप्ति के अनुसार, अगस्टे ने कहा, "मुझे लगता है कि लोगों का उत्साह अच्छा रहा है, मुझे लगता है कि हमने एक इकाई के रूप में अच्छा तालमेल बिठाया है और आगे देखते हुए हम एक टीम के रूप में खिताब जीतने को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। मुझे लगता है कि हम एक बहुत ही प्रतिभाशाली टीम हैं। हमारी इस टीम में गुणवत्ता वाले बल्लेबाज और गेंदबाज हैं, साथ ही एक अच्छी क्षेत्ररक्षण इकाई भी है। कुल मिलाकर, हम बहुत आश्वस्त हैं।"

बता दें कि टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही 16 टीमों को चार समूहों में बांटा गया है। भारत को ग्रुप-बी में रखा गया है जबकि आस्ट्रेलिया ग्रुप-डी में है। बांग्लादेश ग्रुप-ए और दो बार की विजेता पाकिस्तान व अफगानिस्तान ग्रुप-सी में है। वीजा संबंधी मसलों के कारण अफगानिस्तान टीम देर से यहां पहुंची है और अभ्यास मैच खेलने से वंचित रह गई। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई पीर पंजाल कबड्डी लीग

**डोडा।** वार्षिक तीन दिवसीय पीर पंजाल कबड्डी लीग शुक्रवार को डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना द्वारा हर साल डोडा में इस टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। इस साल के टूनार्मेंट के पहले दिन डोडा, भद्रवाह, किश्तवाड़, रामबन और राजौरी की सात टीमें भाग ले रही हैं। टूनार्मेंट का उद्घाटन कर्नल सेवानिवृत्त पार्श्वतम कुमार ने सेना, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस मौके पर डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे ।डोडा के स्थानीय लोगों ने इस तरह के आयोजनों के लिए सेना के प्रति आभार व्यक्त किया, खासकर युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिशा देने के लिए।



टूनार्मेंट में हिस्सा ले रहे खिलाड़ी योगेश्वर सिंह ने कहा, "आज के युवा मोबाइल की लत से प्रभावित हैं क्योंकि उन्होंने आउटडोर खेल खेलना बंद कर दिया है। इससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है। यदि वे कोई खेल खेलेंगे, तो वे मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ होंगे।"

# अफगानिस्तान के देर से आने से अंडर 19 विश्व कप ग्रुप सी के कार्यक्रम में बदलाव

**दुबई।** अफगानिस्तान के विलंब से वेस्टइंडीज पहुंचने के कारण आईसीसी को अंडर 19 विश्व कप 2022 के ग्रुप सी के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, यात्रा के लिये जरूरी वीजा हासिल करने के बाद अफगानिस्तान टीम वेस्टइंडीज पहुंचेगी और पृथकवास की अवधि पूरी करेगी।

आईसीसी की टूनार्मेंट तकनीकी समिति ने कार्यक्रम में बदलाव को मंजूरी दे दी है। समिति में आईसीसी टूनार्मेंट प्रमुख क्रिस टेटली, आईसीसी सीनियर इवेंट मैनेजर फवाज बख्श, टूनार्मेंट निदेशक रोलैंड होल्डर और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि एलेन विल्किंस और रसेल अर्नाल्ड शामिल हैं।

टेटली ने कहा, हमें खुशी है कि अफगानिस्तान टीम ने जरूरी वीजा हासिल कर लिया है और वह टूनार्मेंट में भाग लेगी।

# पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर हो रहे अंडर 19 विश्व कप में चमकेंगे भविष्य के सितारे

**जॉर्जटाउन।** वेस्टइंडीज में शुक्रवार से शुरू हो रहे अंडर 19 विश्व कप में भविष्य के सितारों को अपनी चमक बिखेरने का मौका मिलेगा जबकि चार बार की चैम्पियन भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार होगी। कोरोना महामारी के बीच पहली बार कैरेबियाई सरजमी पर हो रहे टूनार्मेंट में 16 टीमों को चार समूहों में बांटा गया है। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जबकि आस्ट्रेलिया ग्रुप डी में है। दो साल पहले भारत को हराकर पहली बार अंडर 19 खिताब जीतने वाली बांग्लादेश ग्रुप ए में है। दो बार की विजेता पाकिस्तान और अफगानिस्तान ग्रुप सी में है। वीजा संबंधी मसलों के कारण अफगानिस्तान टीम देर से यहां पहुंची है और अभ्यास मैच खेलने से वंचित रह गई।

**हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।**

टूनार्मेंट के बायो बबल का उल्लंघन अभी तक नहीं हुआ है लेकिन पाकिस्तान और जिम्बाब्वे की टीमों में कोरोना संक्रमण के मामले आये हैं। न्यूजीलैंड ने अपने पृथकवास नियमों के कारण टूनार्मेंट से नाम वापिस ले लिया जिसकी जगह स्कॉटलैंड खेल रही है।




मेजबान वेस्टइंडीज का सामना पहले दिन आस्ट्रेलिया से होगा जबकि स्कॉटलैंड की टक्कर श्रीलंका से होगी। भारत को पहला मैच शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से गयाना में खेलना है।

**खिताब के दावेदार :**

भारत : रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम सबसे प्रबल दावेदार है हालांकि उसके पास पिछली टीमों जैसा आत्मविश्वास नहीं दिख रहा। भारतीय टीम एशिया कप जीतकर दुबई से सीधे यहां आई है।

पांच दिन के कड़े पृथकवास के बाद यश धुल की अगुवाई वाली टीम ने अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया।

सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह, दिल्ली के बल्लेबाज और कप्तान यश, शेख रशीद और तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर से काफी उम्मीदें होंगी। भारत के पास प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यही वजह है कि एक खिलाड़ी को एक ही बार अंउर 19 विश्व कप खेलने का मौका मिलता है।

**आस्ट्रेलिया :** तीन बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया दूसरी प्रबल दावेदार है। वह आठ बार कम से कम सेमीफाइनल तक जरूर पहुंची है। आखिरी बार 2010 में उसने खिताब जीता था जब टीम में मिशेल मार्श, एडम जाम्पा और जोश हेजलवुड थे। इस बार हरफनमौला कूपर कोनोली टीम के कप्तान है और 2020 में उनहोंने वेस्टइंडीज के खिलाफ एक प्लेआफ मैच में 53 गेंद में 64 रन बनाये थे

**बांग्लादेश :** बांग्लादेश ने 2020 में खिताब जीतकर इतिहास रचा और वे उसे दोहराना चाहेंगे। कप्तान रकीबुल हसन दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली उस टीम के सदस्य थे।

पिछले महीने एशिया कप सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को हराया था।

**पाकिस्तान :** पांच बार फाइनल में पहुंची पाकिस्तान ने 2004 और 2006 में खिताब जीते थे जब सरफराज अहमद, वहाब रियाज और इमाद वसीम टीम का हिस्सा थे।

शाहीन शाह अफरीदी 2018 अंडर 19 विश्व कप से ही चमके थे। कासिम अकरम की कप्तानी वाली टीम के कोच पूर्व बल्लेबाज एजाज अहमद हैं।

## फेस मास्क वायुजनित रोगाणुओं की दूरी को आधा करते हैं: अध्ययन



**न्यूयॉर्क।** विश्व में कोविड महामारी के आने के बाद इससे बचने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मास्क और सामाजिक दूरी के उपायों की प्रभावशीलता पर जोरदार बहस जारी है। एक नए अध्ययन से पता चलता है कि सामाजिक दूरी को अपनाने के बजाय मास्क वायु जनित रोगाणुओं के संक्रमण के खतरे को कम कर सकते हैं। सेंट्रल फ्लोरिडा विश्वविद्यालय (यूसीएफ) के शोधकताओं ने पाया कि फेस मास्क वायु में रोगाणुओं की रफ्तार को कम कर देते हैं, जो मास्क न पहनने की तुलना में हवा में बोलने या खांसने पर अधिक हो सकती है।जर्नल ऑफ इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित इस निष्कर्ष में कहा गया है कि वायुजनित वायरल रोगजनकों, जैसे कोविड विषाणु का प्रसार और संक्रमण बोलने तथा खांसने जैसे मानव श्वसन कार्यों के दौरान बनने वाली तरल बूंदों और एरोसोल के माध्यम से होता है। वायु में जीवाणुओं तथा विषाणुओं की दूरी को कम करने के तरीकों को जानने से लोगों को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है और कोविड- जैसी महामारियों से निपटने में यह काफी मदद कर सकता है। इन तौर तरीको में मास्क पहने जाने पर सामाजिक दूरी को कम करने के दिशा-निदेर्शों में ढील देना शामिल हो सकता है। यूसीएफ के मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर करीम अहमद ने कहा, शोध स्पष्ट सबूत और दिशानिर्देश प्रदान करता है कि मुंह को ढकने वाले मास्क के साथ तीन फीट की दूरी बिना मास्क के छह फीट की दूरी से बेहतर है। इसमें शोधकताओं ने यह जानने की कोशिश थी कि हवा के माध्यम से तरल पदार्थ कैसे चलते हैं। इसमें शोधकताओं ने उन सभी दिशाओं में दूरी को मापा जो कि बोलने और खांसने वाले लोगों के मुंह से बूंदें तय करती हैं।

## कनाडा के क्यूबेक प्रांत में कोराना टीका नहीं लगवाने वाले व्यक्ति को देना होगा टैक्स



**क्यूबेक।** कनाडा के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत क्यूबेक में कोरोना का टीका नहीं लगाने वालों के लिए एक पहले के तौर पर नया नियम लागू किया गया है। जिसमें कोरोना की डोज नहीं लेने वाले व्यक्ति को जुमार्ने के तौर पर कर (टैक्स) देना होगा।

प्रांत में व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में एक बहस में यह नयी पहल की गयी जिसमें कोविड-19 टीकाकरण से इनकार करने वाले लोगों को स्वास्थ्य योगदान के तहत कर भुगतान करने के लिए नियम बनाया गया है।

प्रांत के प्रीमियर फ्रांस्वा लेगॉल्ट ने कहा, ह्लकरीब 10 फीसदी नागरिकों ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज अभी तक नहीं लगवाई है, ये स्वास्थ्य नेटवर्क पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहे हैं और अन्य नागरिकों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं ह्व इसके साथ ही क्यूबेक पहला ऐसा स्थान बन गया है जहां कोरोना वैक्सीन की डोज नहीं लेने वाले को कर देना होगा। श्री लेगॉल्ट ने कहा, ह्लकोरोना के खिलाफ जंग में टीके की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए हम ऐसे पर कर लगाना चाहते है जो बिना किसी चिकित्सा कारण के टीके की डोज लगवाने से इनकार कर रहे है। ऐसे लोग अन्य लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाडा कर रहे हैं ह्व उन्होंने कहा कि प्रांत में 90 फीसद लोगों को कोराना की डोज लग चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले हफ्ते में गैर-टीकाकृत लोगों को टीका न लगवाने के एवज में 100 डॉलर से अधिक राशि कर के तौर पर देनी होगी।

## हूती के कब्जे वाले जहाज पर सवार सात भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं: भारत



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर सवार सात भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चालक दल और जहाज को तत्काल रिहा करने की अपील की है। इस जहाज को हूती विद्रोहियों ने बंधक बना लिया है। यमन के हूती विद्रोहियों ने दो जनवरी को होदीदा बंदरगाह पर रवाबी नाम के जहाज को बंधक बना लिया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा, हम यमन में सैन्य अभियानों के निरंतर तीव्र होने से चिंतित हैं। पिछले कुछ वर्षों में सना, मारिब और शाब्वा में भीषण झड़पें शांति की संभावनाओं को कमजोर कर रही हैं। यमन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तिरुमूर्ति ने चिंता जतायी कि इस महीने की शुरूआत में होदीदा तट पर संयुक्त अरब अमीरात के रवाबी जहाज को बंधक बनाने से पहले से चल रहा तनाव और बढ़ेगा।

तिरुमूर्ति ने कहा, हम इस कृत्य पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं जिसने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। जहाज में सवार चालक दल के सदस्यों में सात भारतीय नागरिक भी शामिल हैं और हम उनकी सुरक्षा तथा कुशलक्षेम को लेकर बहुत चिंतित हैं।

हूती विद्रोहियों से चालक दल के सदस्यों और जहाज को तत्काल रिहा करने का अनुरोध करते हुए तिरुमूर्ति ने कहा कि हूती पर चालक दल के सदस्यों की रिहाई तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि यमन में होदीदा बंदरगाह के पास हूतियों द्वारा कब्जाये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का झंडा लगे मालवाहक जहाज पर सवार सभी सात भारतीय सुरक्षित हैं और सरकार उनकी जल्द रिहाई के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हूतियों द्वारा यूएई का झंडा लगे जहाज रवाबी पर दो जनवरी को कब्जा किये जाने के बाद के घटनाक्रम पर भारत पूरी नजर रख रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में ब्रिटेन, अमेरिका और चीन ने भी जहाज को बंधक बनाए जाने पर गहन चिंता व्यक्त की। भारत ने सऊदी अरब में नागरिकों और असैन्य ढांचों को निशाना बनाए जाने के लिए सीमा पार से लगातार हो रहे हमलों की भी निंदा की है।

## भारतीय नागरिक पर छह लाख डॉलर की ठगी करने का आरोप

**न्यूयॉर्क।** एक भारतीय नागरिक और अमेरिका के एक व्यक्ति पर देशभर के बुजुर्ग लोगों से करीब 6,00,000 डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।

अमेरिका न्याय विभाग ने मंगलवार को बताया कि भारत के रवि कुमार और टेक्सास के एंथनी मुनिगेटी पर 20 आरोप लगाए गए हैं। ऐसा बताया गया है कि कुमार भारत में है और उसे भगोड़ा माना जा रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## संरा मिशन ने यूएई के बंधक बनाए गए जहाज के चालक दल के सदस्यों से बात की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि उसने संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के सदस्यों से बात की है। इस जहाज को यमन के होदीदा बंदरगाह में हूती विद्रोहियों ने बंधक बना लिया है और इसमें सात भारतीय सवार हैं।

होदीदा समझौते के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमएचए) ने ट्वीट किया, अपनी नियमित साप्ताहिक गश्त के दौरान यूएनएमएचए अस-सलीफ बंदरगाह और पड़ोसी इलाकों में गया। गश्ती दल ने कुछ दूरी से रवाबी जहाज को देखा और उसके चालक दल के सदस्यों से बात की। उसने बताया, यूएनएमएचए गश्ती दल स्थानीय लोगों से बातचीत करने के लिए अस सलीफ में एक मछली बाजार और एक स्थानीय स्कूल भी गया। गश्ती वाले इलाकों में सैन्यीकरण का कोई संकेत नहीं मिला। भारत ने इस महीने की शुरूआत में यमन के होदीदा बंदरगाह पर हूती विद्रोहियों द्वारा बंधक बनाए गए जहाज पर सवार सात भारतीयों की तत्काल रिहाई का अनुरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा, हम यमन में सैन्य अभियानों के निरंतर तीव्र होने से चिंतित हैं। पिछले कुछ वर्षों में सना, मारिब और शाब्वा में भीषण झड़पें शांति की संभावनाओं को कमजोर कर रही हैं। यमन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को तिरुमूर्ति ने चिंता जतायी कि इस महीने की शुरूआत में होदीदा तट पर संयुक्त अरब अमीरात के रवाबी जहाज को बंधक बनाने से पहले से चल रहा तनाव और बढ़ेगा। तिरुमूर्ति ने कहा, हम इस कृत्य पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं जिसने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। जहाज में सवार चालक दल के सदस्यों में सात भारतीय नागरिक भी शामिल हैं और हम उनकी सुरक्षा तथा कुशलक्षेम को लेकर बहुत चिंतित हैं। हूती विद्रोहियों से चालक दल के सदस्यों और जहाज को तत्काल रिहा करने का अनुरोध करते हुए तिरुमूर्ति ने कहा कि हूती पर चालक दल के सदस्यों की रिहाई तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी है।

## वेस्ट बैंक में मृत मिला 80 वर्षीय व्यक्ति

**रामल्लाह।** 80 वर्षीय एक अमेरिकी नागरिक को फिलीस्तीनी में इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार किया गया था। वह व्यक्ति वेस्ट बैंक में मृत पाया गया। चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उमर असद का शव जिलजिल्या गांव में मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक स्थानीय डॉक्टर ने फिलिस्तीनी व्यक्ति का इलाज करने की कोशिश की, लेकिन उसने दम तोड़ दिया था। डाक्टर ने कहा कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। जिल्जिल्या गांव के मेयर फौद मोतिया ने कहा कि वह घर वापस जा रहे थे तभी इजरायली सैनिकों ने अचानक असद पर धावा बोल दिया। मेयर ने कहा, सैनिकों ने उसे कार से बाहर निकाला, उसकी आंखों पर पट्टी और उसके हाथ बांध दिए, फिर उसे एक इमारत के अंदर ले गए।

## आयरलैंड ने नागरिकों को क्वारंटीन में दी ढील

**डबलिन।** आयरिश सरकार ने कोविड-19 मामलों और करीबी संपर्को के लिए आइसोलेशन और कोविड टेस्ट के नियमों में कई बदलावों की घोषणा की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नए नियमों के तहत, कोविड-19 वाले व्यक्ति के लिए क्वारंटीन की अवधि को 10 दिन से घटाकर सात दिन कर दिया जाएगा। एक पुष्ट मामले के करीबी संपर्क , जिन्होंने अपना बूस्टर डोज प्राप्त किया है, यदि उनमें कोई लक्षण नजर नहीं आते है तो उन्हें क्वारंटीन में नहीं रहना होगा ।करीबी संपर्क जिन्हें बूस्टर डोज का टीका नहीं लगाया गया है, उन्हें सात दिनों के लिए क्वारंटीन में रहना होगा। चार से 39 वर्ष की आयु के लोग, जो कोविड के एंटीजन टेस्ट में संक्रमित पाए जाते हैं, उन्हें पीसीआर टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं होगी। नए नियम शुक्रवार से लागू होंगे, सरकार ने एक बयान में कहा। स्वास्थ्य मंत्री स्टीफन डोनेली ने बयान में कहा, यह घोषणा हमारी स्वास्थ्य सेवा और आवश्यक सेवाओं सहित समाज में अन्य कार्यो पर दबाव को कम करने में मदद करेगी। आयरिश स्वास्थ्य विभाग ने पिछले 24 घंटों में 20,909 नए मामले दर्ज किए, जिसमें वहां कुल मामले 1.04 मिलियन से अधिक हो गए। इसका मतलब है कि आयरलैंड में पांच में से लगभग एक व्यक्ति वायरस से संक्रमित है।

## हिंदी फिल्मों से भाषा को दुनियाभर में पहचान मिली, और प्रयास करने होंगे: भारतीय राजनयिक

**जोहानिसबर्ग।** बॉलीवुड फिल्मों से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, लेकिन इस भाषा को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यताप्राप्त पांच वैश्विक भाषाओं के साथ समुचित स्थान मिलना चाहिए। जोहानिसबर्ग में भारत की महावाणिज्यदूत अंजू रंजन ने विश्व हिंदी दिवस के मौके पर अपने भाषण में यह बात कही।

विश्व हिंदी दिवस हर साल 10 जनवरी को मनाया जाता है। 1975 में इस दिन पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। 2012 में दक्षिण अफ्रीका के हिंदी शिक्षा संघ ने सैंडटन कन्वेंशन सेंटर में सम्मेलन की सह-मेजबानी की थी और सम्मेलन के लिए इस स्थान का नाम गांधीग्राम कर दिया गया था। स्वयं भी हिंदी में कविताएं और अन्य साहित्यिक कृतियां रच चुकीं रंजन ने कहा कि भारत में हिंदी का जबरदस्त विकास हुआ है, लेकिन दुनियाभर में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी लोगों के होने के बावजूद इस भाषा को वह दर्जा नहीं मिला। रंजन ने कहा, अंग्रेजी, फ्रेंच, जापानीज, चाइनीज और रशियन को संयुक्त राष्ट्र की पांच प्रमुख भाषाओं के तौर पर मान्यताप्राप्त है और दुनिया में इनमें से कुछ भाषाओं की तुलना में हिंदी बोलने वाले अधिक हैं, तब भी हिंदी उस स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा, हमें हिंदी को इन भाषाओं के समान दर्जा दिलाने के लिए क्रांतिकारी प्रयास करने होंगे।

राजनयिक ने कहा कि वह दुनिया में जहां भी जाती हैं, विशेष रूप से युवाओं से बातचीत में बॉलीवुड फिल्मों के संवाद सुनने को मिलते हैं। उन्होंने कहा, इंडोनेशिया में मुझे लड़कियां बोलती सुनाई दीं, कुछ कुछ होता है; चीन में लोगों ने पूछा कि क्या मैं चांदनी चौक टू चाइना आई हूं।

## द. कोरिया को फाइजर की एंटीवायरल गोलियों की पहली खेप मिली

**सियोल।** दक्षिण कोरिया को हल्के या मध्यम लक्षणों वाले कोविड पीड़ितों के लिए बृहस्पतिवार को फाइजर की एंटीवायरल गोलियों की पहली खेप मिली। स्वास्थ्य अधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती होने से बचाने और कोरोना वायरस के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए पैक्सलोविड गोलियों को एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में वर्णित किया है, क्योंकि देश कोरोना वायरस के संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में संभावित तेजी के लिए तैयार है।

दक्षिण कोरिया को भेजी गयी दवा 21,000 लोगों के पांच-दिवसीय कोर्स के लिए पर्याप्त है।

अधिकारियों ने कहा कि गोलियों की दूसरी खेप 10 हजार लोगों के पांच-दिवसीय कोर्स के लिए पर्याप्त होगी। ये गोलियां शुक्रवार से कोविड के हल्के और मध्यम लक्षण वाले मरीजों को दी जाएंगी। इससे पहले इन्हें दक्षिण कोरिया के मध्य में स्थित फर्मास्यूटिकल भंडारण केंद्र ले जाया जाएगा। चूंकि वैश्विक स्तर पर कमी की वजह से पैक्सलोविड की आपूर्ति शुरू में कम होगी, इसलिए घर या आश्रय स्थलों में रह रहे हल्के या मध्यम लक्षण वाले 65 वर्ष से अधिक के मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी लिम सूक-यंग ने कहा, क्लीनिकल परीक्षणों में, इस दवा ने साबित किया है कि यह अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु के जोखिम को 88 फीसदी तक कम कर सकती है।

## पासपोर्ट के मामले में दुनिया का चौथा सबसे खराब देश पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ जहर उगलने और आंतक को पनाह देने वाले पाकिस्तान के लिए बुरी खबर है। पाकिस्तान एक बार फिर पासपोर्ट के मामले में सबसे खराब देशों की सूची में शुमार हो गया है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पाकिस्तान के पासपोर्ट को दुनिया का चौथा सबसे खराब पासपोर्ट घोषित किया गया है।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2022 के अनुसार, पाकिस्तानी पासपोर्ट को लगातार तीसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए चौथा सबसे खराब स्थान दिया गया है। पाकिस्तानी पासपोर्ट के साथ दुनिया भर में केवल 31 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त या वीजा-ऑन-अराइवल पहुंच है। पीएम इमरान खान, जो पाकिस्तान को रियासते मदीना बनाना चाहते थे, उनके शासनकाल में पाकिस्तानी पासपोर्ट की औकात और खराब हुई है और पाकिस्तानी पासपोर्ट को 108वें नंबर पर रखा गया है और पाकिस्तानी नागरिक अपने पासपोर्ट के साथ सिर्फ 31 देशों की ही वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। वहीं, सीरिया 109, इराक 110 और अफगानिस्तान 111वें नंबर पर हैं।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, जो दुनिया के सभी पासपोटरें की रैंकिंग है, उन गंतव्यों की संख्या के अनुसार, जहां उनके धारक बिना पूर्व वीजा के पहुंच सकते हैं, पाकिस्तान को 108 वें स्थान पर रखा गया है।

हेनले एंड पार्टनर्स फर्म का हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2006 से नियमित रूप से दुनिया के सबसे अधिक यात्रा-अनुकूल पासपोर्ट की निगरानी कर रहा है।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स साल 2006 से हर साल पासपोर्ट को लेकर रैंकिंग जारी करता है, जिससे पता चलता है कि, किस देश का पासपोर्ट दुनिया में सबसे ज्यादा स्वतंत्र है। हालांकि, पिछले 16 साल के दरम्यां पिछले 2 सालों से कोविड महामारी की वजह से पासपोर्ट रैंकिंग और भी ज्यादा जरूरी हो गई है। हालांकि, पासपोर्ट की रैकिंग में कोविड महामारी की वजह से लगाए जा रहे प्रतिबंधों को शामिल नहीं किया गया है।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स-2022 की रिपोर्ट में जापान और सिंगापुर को 192 देशों में पहले नंबर पर रखा गया है और जापान और सिंगापुर के पासपोर्ट धारक 192 देशों की वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं।

इसमें अफगान नागरिकों की तुलना में 166 अधिक गंतव्य हैं, जो 199 पासपोर्ट के सूचकांक में सबसे नीचे है और अफगान नागरिक बिना अग्रिम वीजा की आवश्यकता के सिर्फ 26 देशों तक पहुंच सकते हैं।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के अनुसार, दक्षिण कोरिया और जर्मनी विश्व के 190 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं और ये दोनों देश दूसरे स्थान पर हैं, जबकि फिनलैंड, इटली, लक्जमबर्ग और स्पेन सभी एक साथ तीसरे स्थान पर हैं। इन सभी देशों के लोग विश्व के 189 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं।

यूरोपीय संघ के देश हमेशा की तरह सूची में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाए हुए हैं और फ्रांस, नीदरलैंड और स्वीडन एक स्थान और आगे बढ़कर चौथे स्थान पर ऑस्ट्रिया और डेनमार्क के साथ शामिल हो गए हैं।

इन देशों के लोग 188 देशों की यात्रा वीजा फ्री कर सकते हैं।

इंडेक्स में आयरलैंड और पुर्तगाल पांचवें स्थान पर हैं। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम, जिन्होंने 2014 में एक साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, उनकी रैंकिंग कम हो गई है और साल 2022 की रैंकिंग में ये दोनों देश छठे स्थान पर हैं।

2021 की तुलना में 2022 की पहली तिमाही में भारत की पासपोर्ट शक्ति में सुधार हुआ है। अब यह हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में 83वें स्थान पर है, जो पिछले साल 90वें स्थान पर था। हालांकि, 2020 में भारतीय पासपोर्ट का रैंक 84 आंका गया था, जबकि 2016 में भारत माली और उज्बेकिस्तान के साथ 85वें स्थान पर था।

## ब्राजील में बारिश का कहर, दस की मौत

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राज्य मिनस गेरैस में भारी बारिश के बाद कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 13,000 से अधिक लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने को मजबूर होना पड़ा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों में से पांच राजधानी बेलो होरिजोंटे महानगरीय क्षेत्र में एक ही परिवार के थे। भूस्खलन की चपेट में उनकी कार आ गई थी, जिसमें एक दंपति, उनके तीन और छह साल के बच्चे और एक अन्य रिश्तेदार शामिल थे।

बारिश की वजह से क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिती बनी हुई है। राज्य की 853 नगरपालिकाओं में से कुल 145 की स्थिती खराब है, जबकि 17,000 से अधिक लोग मुसीबत में हैं।

वर्षा के कारण मिनस गेरैस राज्य में कई नदियां उफान पर हैं और कुछ बांध ओवरफ्लो हो सकते हैं।